आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484




# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :426 पृष्ठ -4 दिनांक 14 मार्च 2025 दिन शुक्रवार

आप सभी देशवासियों व नगरवासियों को जननायक सम्राट समाचार पत्र की ओर से
होलिका दहन की हार्दिक शुभकामनायें
JNS NEWS 24
खबरों एंव विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें ।:-91 821 804 9162,9870916612
HEAD OFFICE : saroj nager quarsi by pass road aligarh-202001E mail : jnsnews24aligarh@gmail.com,info@jnsnews24.com Website: www.jnsnews24.com

# होली और जुमा एक साथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने दिया बड़ा बयान

उत्तर प्रदेश में होली और जुमा को लेकर हो रही बयानबाजी के बीच यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की प्रतिक्रिया सामने आई हैं. उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश में मजबूत कानून व्यवस्था होने का दावा किया. वहीं समाजवादी पार्टी पर भी बिना नाम लिए तंज कसा और कहा कि होली का त्योहार धूमधाम से मनाया जाएगा वि. रोधियों को पीडीए की फसल काटने का मौका नहीं मिल पाएगा. डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि– श्होली की हार्दिक शुभकामनाएं! यूपी में कानून व्यवस्था मजबूत है, जिला प्रशासन संवाद स्थापित कर होली और नमाज को सौहार्दपूर्ण माहौल में शांतिपूर्वक संपन्न कराएगा. पहले भी होली और नमाज एक ही दिन बिना किसी विवाद के हो चुके हैं, इस बार भी त्योहार प्रेम और भाईचारे के साथ मनेगा. केशव मौर्य ने कहा– श्जैसे महाकुंभ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, वैसे ही होली



भी शांति और उल्लास के साथ पूरी होगी. फर्जी च्क। (परिवार डबलपमेंट एजेंसी) को वोटों की फसल काटने का कोई मौका नहीं मिलेगा. रंगों के इस पावन पर्व की मंगलकामनाएँ!श दरअसल यूपी में इन दिनों होली और जुमे की नमाज को लेकर बयानबाजी देखने को मिल रही है. पूरे विवाद की शुरुआत संभल सीओ अनुज चौधरी के उस बयान से शुरू हुई, जिसमें उन्होंने होली पर मुस्लिमों को घर में रहने की सलाह दे डाली थी. उन्होंने कहा कि होली साल में एक बार आती है जबकि जुमा साल में 52 बार आता है अगर किसी को रंग से दिक्कत है तो वो घर से बाहर न निकले. उनके इस बयान के बाद यूपी के मंत्री रघुराज सिंह ने विवादित बयान देते हुए मुस्लिमों को महिलाओं की तरह तिरपाल का बुर्का पहनने की हिदायत दे दी थी. वहीं प्रशासन की ओर से भी होली और जुमे की नमाज को शांति से संपन्न कराने की तैयारी की गई है. कई जिलों में नमाज का वक्त बदल दिया गया तो वहीं कई मस्जिदों को तिरपाल से भी ढका गया है.

## औरंगजेब की कब्र तोड़ने की मांग पर यूपी के मौलाना बोले– पहले लाल किला, ताज. महल, कुतुब मीनार तोड़ो, बताई वजह

उत्तर प्रदेश में होली के मौके पर कई शहरों में मस्जिदों को तिरपाल ढके जाने की खबरों के बीच मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने इस पर प्रतिक्रिया दी है. मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा मस्जिद को कवर किया गया ताकि कोई रंग न डाल सके ,लेकिन अफसोजनक बात है ,आप बीस साल पहले चले जाइये पहले नहीं होता था.उन्होंने शिवसेना सांसद पर कहा ये बयान बिल्कुल मूर्खतापूर्ण और अज्ञानता पर आधारित है, ये भारत सबका है और भारत में किसी एक व्यक्ति या किसी एक पार्टी को इजाजत नहीं है, भारत ने मिल. ीजुली तहजीब और संस्कृतियों के साथ काम किया है, वो ऐसे ही चलता रहेगा. मौलाना ने कहा कि औरंगजेब बादशाह के रिश्ते से एमपी साहब जो बातें कह रहे हैं वो बकवास है. इतनी घिनौनी और नफरत फैलाने वाली बात क्या है. ये कैसे संभव है? सभी मुगल शासकों की इमारतें, उनकी इमारतें, उनकी कब्रें और उनके द्वारा बनाए गए स्मारक तोड़ दिए जाने चाहिए. उन्हें खुद सोचना चाहिए कि सरकार उनके द्वारा बनाए गए भवनों से करोड़ों रुपए कमा रही है और पैसे कमा रही है.मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा, अगर औरंगजेब आलमगीर बादशाह की कब्र तोड़ने की बात है तो सबसे पहले ताज. महल को तोड़ो, लाल किला तोड़ो, कुतुब मीनार को गिराओ. ये सब मुस्लिम बा. दशाहों ने बनवाया था. आप यहां गिर नहीं सकते या आपमें इसे गिराने की हिम्मत नहीं है, इसलिए इससे कोई आय मत लीजिए और उसकी आय गरीब मुसलमानों की शिक्षा पर खर्च कीजिए, महाराष्ट्र में उनका पहला शासन था और आज भी वे सत्ता में हैं. आपने हिम्मत क्यों नहीं जुटाई? आपने बुलडोजर क्यों नहीं चलाया? इसलिए यहां कानून कानून की ताकत है. कानून काम करता है. आपकी दान–पुण्यता काम नहीं करेगी. यहां भारत में जो भी कानून के दायरे में है, वह कानून के दायरे में ही रहेगा. कानून की ताकत है.गौरतलब है कि शिवसेना के एक सांसद ने महाराष्ट्र के खुल्दाबाद में मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को नष्ट किये जाने की बुधवार (12 मार्च) को लोकसभा में मांग की थी. शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने कहा था कि औरंगजेब जैसे क्रूर शख्स की कब्र को संरक्षित करने की कोई जरूरत नहीं है.

























# इस्कॉन राधा कृष्ण मंदिर से बांके बिहारी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई



हाथरस के सिकंद्राराऊ कस्बे में स्थित मो. हल्ला नौरंगाबाद में इस्कॉन राधा कृष्ण मंदिर से बांके बिहारी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा से पहले बांके बिहारी और राधा रानी की प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया गया। प्रतिमाओं को फूलों से सजे डोले में विराजमान किया गया।नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने श्राधा रानी की जयश और श्बांके बिहारी की जयश के जयकारे लगाए। भक्तों ने आबीर–गुलाल और पुष्पों की वर्षा की। यात्रा का जगह–जगह भव्य स्वागत किया गया। महिलाएं भक्ति संगीत पर नृत्य करती नजर आईं। रंग–गुलाल की धूम से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।काफी पुलिस फोर्स भी रहा साथ... इस दौरान जगह पर पूजा अर्चना हुई। लोग भक्ति में डूबे नजर आए। हर तरफ होली का माहौल भी दिखाई दिया।शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्रधिकारी श्यामवीर सिंह, एसडीएम धर्मेंद्र सिंह चौहान और कोतवाल अरविंद कुमार राठी मौजूद रहे।

## हाथरस में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिले में 1377 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा

हाथरस में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिले में 1377 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। किला गेट और मधुगढ़ी पर बड़ी होली की विशेष व्यवस्था की गई है। सुबह से ही महिलाएं होलिका दहन स्थलों पर पूजा–अर्चना कर रही हैं।परंपरा के अनुसार होलिका दहन के दौरान डोरी बांधने की प्रथा भी निभाई जा रही है। यह प्रथा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह प्रहलाद की कहानी से जुड़ी है, जो अग्नि में जलने से बच गए थे।जबकि उनकी बुआ होलिका जल गई थीं।बाजार में रंग, गुलाल, पिचकारी और तरह–तरह के मुखौटों की खरीदारी जोरों पर है। जौ की बालियों की बिक्री भी हो रही है। शहर में कई जगह होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है।पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। होलिका दहन आज रात 11:30 बजे होगा और अगले दिन धुलेंडी का त्योहार मनाया जाएगा।

## हाथरस के सिकंद्राराऊ में अलीगढ़–कानपुर हाईवे पर हुआ सड़क हादसा

हाथरसके सिकंद्राराऊ में अलीगढ़–कानपुर हाईवे पर आज सुबह एक सड़क हादसा हुआ। ग्राम जिमिसपुर के पास सुबह 6 बजे के करीब फरीदाबाद से एटा जा रही मैक्स पिकअप गाड़ी को पीछे से आ रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में मैक्स पिकअप में सवार फिरोजाबाद के एका थाना क्षेत्र के निवासी आशीष उर्फ अमित, रमाकांत और मुकेश कुमार घायल हो गए। इसके अलावा फर्रुखाबाद के मीरापुर थाना क्षेत्र के स्यानी गांव की जानकी और गगन भी घायल हुए। मैक्स के चालक कौशल और ट्रक चालक हरिओम भी इस हादसे में घायल हो गए।घायलों को भिजवाया अस्पताल सभी घायलों को पुलिस ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदराराऊ पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद अमित, जानकी, रमाकांत, हरिओम, गगन और मुकेश की हालत को देखते हुए उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया। हादसे में ट्रक पलट गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात सुचारु कराया।

## हाथरस में अवैध शराब बिक्री का विरोध करने पर भीम आर्मी के पूर्व जिला अध्यक्ष कमल सिंह बालिया पर हमला हुआ

हाथरस में अवैध शराब बिक्री का विरोध करने पर भीम आर्मी के पूर्व जिला अध्यक्ष कमल सिंह बालिया पर हमला हुआ। हमलावरों ने चाकू से उनका अंगूठा काट दिया।नगला बेरिया के रहने वाले कमल सिंह एमजी पॉलिटेक्निक के पीछे कुछ लोगों द्वारा अवैध शराब बेचे जाने का विरोध कर रहे थे। इस पर हमलावरों ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। हमलावर धमकी देकर मौके से फरार हो गए। कमल सिंह का कहना है कि कुछ लोग अवैध शराब की बिक्री कर रहे थे। उन्होंने जब इसका विरोध किया तो उन पर हमला हुआ। यह लोग शातिर किस्म के अपराधी हैं।पुलिस को दी घटना की सूचना... परिजन घायल कमल सिंह को कटे हुए अंगूठे के साथ जिला अस्पताल लेकर आए। अस्पताल में उनका इलाज किया जा रहा है। पीड़ित ने पुलिस को घटना की सूचना दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मैक्स पिकअप में टक्कर मार पलटा ट्रक, . सात घायल, छह गंभीर हालत में रेफर




सिकंदराराऊ के अलीगढ़–कानपुर हाईवे पर ग्राम जिमिसपुर के पास ट्रक ने मैक्स पिकअप में टक्कर मार दी। उहादसे में सात लोग घायल हो गए, जिनमें से छह लोग गंभीर हालत में हैं। फरीदाबाद से एटा जा रही मैक्स पिकअप में पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक पलट गया। हादसे में सात लोग घायल हुए हैं, जिनमें से छह को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 मार्च सुबह साढ़े पांचबजे सिकंदराराऊ के अलीगढ़–कानपुर हाईवे पर ग्राम जिमिसपुर के पास फरीदाबाद से एटा जा रही एक मैक्स पिकअप गाड़ी नंबर एचआर38एएच4920 में पीछे से आ रहे ट्रक नंबर यूपी63बीटी1089 ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक साइड में पलट गया। हादसे में मैक्स पिकअप सवार आशीष उर्फ अमित पुत्र रामप्रकाश, रमाकान्त पुत्र पवन, मुकेश कुमार पुत्र लल्लू सिंह निवासीगण एका थाना एका फिरोजाबाद, जानकी पत्नी अवधेश, गगन पुत्र कमलेश निवासी गण ग्राम स्यानी थाना मीरापुर फरुखाबाद, चालक कौशल पुत्र सोबरन सिंह निवासी स्यानी थाना मीरापुर फर्रूखाबाद, ट्रक चालक हरिओम पुत्र नरोत्तमपाल निवासी नोहइ थाना कौशाम्बी जिला कौशाम्बी घायल हो गए।घायलों को उपचार के लिए सिकंदराराऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पुलिस ले गई। घायलों में से आशीष उर्फ अमित, जानकी, रमाकान्त, हरिओम, गगन व मुकेश को गंभीर हालत में हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। सभी घायल खतरे से बाहर हैं। पुलिस ने क्रेन की मदद दे क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात को सुचारू कराया।

## 28 स्कूलों में भोजन न बांटने पर एनजीओ को नोटिस जारी

सादाबाद और सहपऊ के 28 परिषदीय विद्यालयों में मध्याह्न भोजन वितरित न किए जाने के मामले में बुधवार को संबंधित एनजीओ को नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी स्वाति भारती ने श्याम ग्रामोद्योग संस्थान नगला बादशाह छर्रा अलीगढ़ को जारी किया है और संचालक से स्पष्टीकरण मांगा है।नोटिस में बीएसए ने कहा है कि एसडीएम व खंड शिक्षाधिकारी सादाबाद ने 11 मार्च को अवगत कराया कि पीएम पोषण योजना के तहत 28 विद्यालयों में मध्याह्न भोजन का वितरण नहीं कराया गया है। इससे स्पष्ट है कि संस्था द्वारा भोजन वितरण के कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। पूर्व में भी संस्था को मध्याह्न भोजन का वितरण मीनू और मानक के अनुसार नियमित रूप से किए जाने के लिए निद. ेशित किया जा चुका है, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं किया जा रहा है। बीएसए ने समस्त आवंटित विद्यालयों में समय व गुणवत्तापूर्वक मानक के अनुरूप मध्याह्न भोजन का वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं और चेतावनी दी है कि इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

## गाली–गलौज कर दंपती को पीटा, रुपये निकाले, कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

महिला का आरोप है कि वह पति के साथ भैंस खरीदने हाथरस आई थीं। बात नहीं बनने पर वह वापस सिटी रेलवे स्टेशन पर पहुंचे तो वहां हरीकिशन, जितेंद्र और जुगेंद्र खड़े थे। जुगेंद्र ने गाली देते हुए मुकदमे में फैसले के लिए दबाव बनाया। जब उन्होंने और उनके पति ने विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें लात–घूसों से पीटा।हाथरस के थाना सिकंदराराऊ क्षेत्र निवासी महिला ने कोतवाली सदर में न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने कहा है कि पिछले साल 18 दिसंबर को वह पति के साथ भैंस खरीदने हाथरस आई थीं। बात नहीं बनने पर वह वापस सिटी रेलवे स्टेशन पर पहुंचे तो वहां हरीकिशन, जितेंद्र और जुगेंद्र खड़े थे। जुगेंद्र ने गाली देते हुए मुकदमे में फैसले के लिए दबाव बनाया। जब उन्होंने और उनके पति ने विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें लात–घूसों से पीटा। जितेंद्र ने उनके साथ अश्लील हरकत की। आरोपियों ने उनके पर्स से 50 हजार रुपये जबरन खींच लिए और धमकी दी कि वह मुकदमा वापस ले लेंगी तो रुपये वापस कर देंगे, अन्यथा उन्हें और उनके परिवार को जान से मार देंगे।

## 135 फाइलों में लगीं एफडीआर की होगी जांच

नगर पालिका परिषद में फर्जी एफडीआर के जरिये दो करोड़ रुपये के बिजली के कार्या के टेंडर लिए जाने के खुलासे ने खलबली मचा दी है। पिछले दो साल में जलकल, निर्माण व प्रकाश विभाग के माध्यम से हुए कार्यों में लगाई गईं 135 फिक्स डिपॉजिट रसीद (एफडीआर) जांच के घेरे में आ गई हैं। जल्द ही इन सभी का सत्यापन कराया जाएगा।उल्लेखनीय है कि नगर पालिका में टेंडर लेने के लिए फर्जी एफडीआर लगाने की शिकायत डीएम से की गई थी। आरोप है कि जलकल विभाग के अवर अभियंता द्वारा फर्जी एफडीआर तैयार कर टेंडरों की फा. इलों में लगाई जा रही हैं और खुद ही इनका सत्यापन कराया जा रहा है। डीएम के निर्देश पर मंगलवार को अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने कलक्ट्रेट पहुंचकर टेंडर से संबंधित पत्रावलियों को कब्जे में ले लिया था।सूत्र बताते हैं कि फिलहाल पिछले दो साल में पालिका परिषद में विभिन्न विभागों के माध्यम से हुए कार्यों का ब्योरा तैयार कर लिया गया है। जलकल विभाग की 60, निर्माण विभाग की 60 और प्रकाश विभाग की 15 टेंडर पत्रावलियों में लगी एफडीआर को सूचीबद्ध कर लिया गया है। इन सभी का उन बैंकों को पत्र भेजकर सत्यापन कराया जाएगा, जहां से यह बनवाई गई हैं। सत्यापन में कुछ और एफडीआर फर्जी निकलने की संभावना जताई जा रही है।बताया जा रहा है कि जिन फर्मों के नाम से बनीं एफडीआर फर्जी निकली हैं, उन फर्मों ने नगर पालिका हाथरस के अलावा नगर पंचायत सासनी, पुरदिलनगर और सिकंद. राराऊ में भी कार्य कराए हैं। एडीएम न्यायिक शिवनारायण शर्मा ने बताया कि एफडीआर के सत्यापन के बाद ही जांच पूरी हो सकेगी। फिलहाल हाथरस नगर पालिका परिषद के कार्यों की जांच कराई जा रही है।

## आगरा–सादाबाद मार्ग पर ग्राम गुरसौठी के पास एक दुर्घटना में 12 लोग घायल

आगरा–सादाबाद मार्ग पर ग्राम गुरसौठी के पास एक दुर्घटना में 12 लोग घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब आगरा से सादाबाद जा रहा टेंपो ट्रैक्टर से बचने के प्रयास में असंतुलित होकर पलट गया। घायलों में बच्चे भी शामिल हैं।दुर्घटना में टेंपो चालक अफसर (पुत्र रफीक, निवासी कुरसंडा) और सतीश (पुत्र कन्हैया राम, निवासी सियावरी, थाना खैरगढ़, फिरोजाबाद) गंभीर रूप से घायल हुए। चालक अफसर की स्थिति अधिक गंभीर होने के कारण उन्हें आगरा रेफर कर दिया गया।घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। सभी घायलों को सीएचसी सादाबाद ले जाया गया। प्राथ. मिक उपचार के बाद कई लोग अपने घर चले गए। कुछ यात्री अपने वाहनों से अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए।दुर्घटना के कारण मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था को सुचारू किया।जांच में पाया गया कि टेंपो में क्षमता से अधिक सवारियां बैठी थीं। इस तरह टेंपो संचालक यात्रियों की जान जोखिम में डाल रहे हैं और यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।




## हाथरस पुलिस ने एक कार्रवाई में अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश

हाथरस पुलिस ने एक कार्रवाई में अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। एंटी थेफ्ट स्क्वायड और थाना मुरसान पुलिस की संयुक्त टीम ने करवन नदी किनारे स्थित श्मशान भूमि से पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में लव, प्रिंस और सनी माकरोल गांव के रहने वाले हैं।वहीं रिकू और अजय कुमार पटपर नंगला के निवासी हैं। सभी आरोपी अलीगढ़ जिले के रहने वाले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे हाथरस और आसपास के जिलों से मोटरसाइकिल चोरी करते थे। चोरी के बाद बाइक का इंजन बदलकर अनजान लोगों को बेच देते थे। जो बाइक नहीं बिकती थी, उसे कबाड़ियों को बेच देते थे। बिक्री से मिले पैसों को आपस में बराबर बांट लेते थे।बदमाशों से पुलिस कर रही पूछताछ.... पुलिस ने आरोपियों के पास से बरामद एक मोटरसाइकिल की पहचान की है, जिसका चेसिस नंबर MD625MF5XD3H45584 और इंजन नंबर DF56D1355054 है। यह बाइक मुरसान थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी। अन्य बरामद बाइकों के बारे में पुलिस विस्तृत पूछताछ कर रही है। थाना मुरसान पुलिस आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# कासगंज में गुरुवार को होली का त्योहार बारिश की बूंदों के साथ और भी रंगीन हो गया

कासगंज /संवावदाता इंद्रपाल राजपूत में गुरुवार को होली का त्योहार बारिश की बूंदों के साथ और भी रंगीन हो गया। सुबह से ही शहर में होली का उत्साह देखने को मिला। दोपहर 12 बजे मौसम ने करवट बदली और हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई।जिला अस्पताल में कर्मचारियों ने एक–दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की खुशियां मनाईं। अस्पताल परिसर में स्टाफ के बीच होली का विशेष उत्साह देखा गया।कर्मचारी न केवल रंग–गुलाल में सराबोर हुए, बल्कि होली के गीतों पर नाचते–गाते भी नजर आए। ठंडी हवाओं और बारिश के बावजूद लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। शहर के विभिन्न हिस्सों में होली की रंगत देखने को मिली। मौसम की सुहावनी बयार ने होली के रंगों में चार चांद लगा दिए।

## एटा जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र में नगला सर्द के पास सड़क पर एक मोटरसाइकिल ने पैदल जा रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी

एटा जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र में नगला सर्द के पास सड़क पर एक मोटरसाइकिल ने पैदल जा रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी। हादसे में नंदकिशोर गंभीर रूप से घायल हो गया।पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को अलीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक नंदकिशोर फर्रुखाबाद के शमसाबाद के रहने वाले थे और अपनी बहन के घर नगला सर्द में रह रहे थे।मृतक के भाई बबलू ने बताया कि उनके भाई देर रात खेत में जा रहे थे। सड़क पार करते समय यह हादसा हुआ। थाना प्रभारी निर्दोष सिंह सेंगर ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।घटना की सूचना मिलते ही परिजन एटा स्थित मॉर्च्युरी पहुंच गए। वहां उनकी दर्दनाक रो–रोकर बुरी हालत है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कासगंज में होली के त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने के लिए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की

कासगंज में होली के त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने के लिए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। जिले को 5 जोन और 23 सेक्टर में बांटा गया है। कुल 1460 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा।इनमें से 94 होलिका दहन स्थल मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील क्षेत्रों में हैं। होली के दौरान 44 स्थानों को हॉट स्पॉट के रूप में चिह्नित किया गया है। सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया है।यातायात व्यवस्था के लिए विशेष ड्यूटी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए डायल 112 पुलिस और पर्याप्त संख्या क्यूआरटी मोबाइल तैनात की गई हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के




लिए महत्वपूर्ण स्थानों पर विशेष ड्यूटी लगाई गई है। शुक्रवार को होने वाले हो. लिका दहन की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। महिलाएं सुबह से ही होलिका स्थलों पर पूजा–अर्चना कर रही हैं। प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं ताकि त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जा सके।

## एटा में जंगल ठाका की खाली जमीन पर होगा वृक्षारोपण

एटा जिले के अलीगंज विकास खंड में एक बड़ी पहल की जा रही है। लुहारी गवी क्षेत्र में वर्षों से खाली पड़ी जंगल ठाका की जमीन पर अब वन विभाग करेगा वृक्षारोपण। इस जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर फसलें उगा रखी थीं।वन विभाग ने 5 हेक्टेयर जमीन पर 12 हजार पौधे लगाने की योजना बनाई है। इससे पर्यावरण को लाभ मिलेगा और जंगली जानवरों को भी आश्रय मिलेगा। बुधवार को वन विभाग के अधिकारी राजस्व टीम के साथ लुहारी गवी पहुंचे। वन दरोगा संजय कुमार ने बताया कि इस जमीन पर वन विभाग वृक्षारोपण कर जंगल तैयार करेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी आदित्य सक्सेना, वन दरोगा संजय कुमार और सक्षम पांडेय, वन रक्षक सचिन कुमार और शैलेश कुमार मौजूद थे। साथ ही धर्मेंद्र कुमार, राधेश्याम, उजीर सिंह और समरपाल सिंह भी उपस्थित रहे। राजस्व विभाग से लेखपाल राजेश कुमार, प्रवीन कुमार, शिवलाखा, ऋषि यादव और कानूनगो ओम नमो नारायण सहित अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

## एटा के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के मरथरा गांव में एक परिवार के साथ दबंगों ने मारपीट की

एटा के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के मरथरा गांव में एक परिवार के साथ दबंगों ने मारपीट की। पीड़ित परिवार की रंग की दुकान है। गांव के कुछ दबंग नशे में धुत होकर दुकान पर पहुंचे और रंग की मांग की। मना करने पर वे पीड़ित के घर पहुंच गए और लाठियां बरसाने लगे।इस हमले में एक ही परिवार के चार लोग घायल हुए। घायलों में 58 वर्षीय मुन्नालाल, उनके 27 वर्षीय बेटे सुनील, 22 वर्षीय प्रशांत और मुन्नालाल की 54 वर्षीय पत्नी कमलेश शामिल हैं। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।पीड़ित पक्ष का आरोप है कि सुरेश, उसके बेटे रूमाली और पित्ता समेत 7–8 लोगों ने लाठी–डंडों से हमला किया। थाना प्रभारी आर के सिंह ने बताया कि चौकी प्रभारी लिप्टन अश्वनी शर्मा से जानकारी ली गई है। पुलिस का कहना है कि यह मारपीट 100 रुपए के लेन–देन को लेकर हुई। पुलिस ने सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाया है। पीड़ितों की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## कासगंज जिले में होली त्योहार से पहले अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान

कासगंज जिले में होली त्योहार से पहले अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में सोरों पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने करुआवारा गांव के पास से एक कार में भरी अवैध शराब के साथ आरोपी को पकड़ा है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान फतेहपुर कला गांव निवासी रिंकू कुमार उर्फ रिंकू भाटी के रूप में हुई है। वह चंद्रपाल सिंह का पुत्र है। पुलिस ने उसकी कार से 8 पेटी देसी शराब बरामद की है।जांच में पता चला कि आरोपी शराब के ठेकों से शराब खरीदकर अपने गांव में ज्यादा कीमत पर बेचता था। होली के मद्देनजर



जिले की सीमाओं पर लगातार वाहनों की चेकिंग की जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## जमीन पर किया अबैध कब्जा पीड़ित पहुंचा पुलिस अधीक्षक कार्यालय





जनपद एटा संवावदाता /इंद्रपाल राजपूत

जनपद एटा के थाना मारहरा क्षेत्र का है जहां ग्राम सराय जरेलिया में गांव के ही कुछ दबंग अराजक तत्वों ने गरीब की जमीन पर अबैध कब्जा करने का मामला सामने आया है । आपको बता दें कि हरिशंकर पुत्र मानसिंह ने बताया कि ग्राम समाज की जगह पर 1967 से कब्जा है। और हरिशंकर उस जगह पर काफी सालों से बिटोरा, बुर्जी और भैंस आदि बांधता है। और उसका मामला हाई कोर्ट में विचाराधीन भी चल रहा है उसके बाबजूद भी दबंगों ने जमीन को कब्जा लिया । पीड़ित ने गांव के ही मेश पुत्र साहब सिंह ग्राम प्रधान राजेश बादशाह पुत्र बेनी सिंह सौदान सिंह पुत्र लोकमन सिंह के नाम पुलिस अधीक्षक एटा को तहरीर दी है। हरिशंकर पुत्र मानसिंह ने बताया कि उसकी जगह पर अवैध कब्जा कर लिया है । और यह भी बताया कि उसके घर पर कोई नहीं है ग्रामीण ने फोन पर हरिशंकर को अवगत कराया है कि कुछ दबंग लोग आपकी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। हरिशंकर का कहना है कि उसे जान से मारने की धमकी भी दे रहे है। पीड़ित हरिशंकर ने पुलिस प्रशासन से गुहार लगाते हुए मदद की उम्मीद रखी है।

### पीड़ित ध्यान दें

यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं

यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।

इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देने आवश्यक है।इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।

**मो. 8218049162**

email: jannayaksamrataligarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com

## एटा जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र में एक अजीब मामला सामने आया

एटा जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र में एक अजीब मामला सामने आया है। प्रेमनगर चौराहे पर होली के अवसर पर पुलिस विभाग के पुराने दर्जनों बॉडी प्रोटेक्टर सजाए गए मिले। इन उपकरणों पर श्पुलिसश और श्दंगा नियंत्रण यंत्रश लिखा हुआ था।मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि ये बॉडी प्रोटेक्टर आम नागरिकों के हाथ कैसे लगे। पुलिस विभाग के नियमों के अनुसार, इन उपकरणों का निपटान एक विशेष कानूनी प्रक्रिया के तहत किया जाता है।सीओ सिटी अमित राय ने इस मामले में स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने बताया कि ये बॉडी प्रोटेक्टर काफी पुराने हैं। पुलिस विभाग के क्षतिग्रस्त यंत्रों को नीलामी प्रक्रिया के तहत कबाड़ में बेचा जाता है। उन्होंने कहा कि पहले भी एटा पुलिस लाइन में पुराने उपकरणों की नीलामी की गई थी। राय ने इसे बड़ा मुद्दा नहीं माना, लेकिन फिर भी मामले की जांच जारी है। कोतवाली नगर पुलिस इन बॉडी प्रोटेक्टर को हटाने की कार्रवाई कर रही है।

एटा जिले के सकरौली थाना क्षेत्र में एक गंभीर सड़क दुर्घटना सामने आई है। इसौली चौराहे पर डीआईजी की बैठक में जा रहे पुलिस अधिकारियों की जीप को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर–ट्राली ने टक्कर मार दी।हादसे में इंस्पेक्टर क्राइम जितेंद्र कुमार गौतम और आरक्षी कृष्णवीर सिंह घायल हो गए। दुर्घटना बुधवार की देर शाम को टूंडला मार्ग स्थित इसौली चौराहे पर हुई। टक्कर के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायल पुलिसकर्मियों को तत्काल स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने ट्रैक्टर–ट्राली को अपनी हिरासत में ले लिया है।थाना प्रभारी सकरौली ओपी सिंह ने बताया कि दुर्घटना में पुलिस जीप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।









# अलीगढ़ में मस्जिदों को तिरपाल से ढकने का काम बीती रात यानी की 12 मार्च से शुरू

भारत के हर कोने में आज छोटी होली मनाई जाएगी और कल सुबह से सभी रंग – गुलाल से होली खेलेंगें. हर जगह अमन और शांति कायम रहे, इसके लिए मस्जिदों को तिरपाल से ढका जा रहा है. संभल के बाद अब अलीगढ़ में मस्जिदों को तिरपाल से ढकने का काम बीती रात यानी की 12 मार्च से शुरू कर दिया गया है. खासकर उन इलाकों की मस्जिदों को ढका जा रहा है, जहां मामला अति संवेदनशील हो सकता है. जहां पुलिस को लोगों के दरमियान आपसी विवाद का डर है. सभी इलाकों की मस्जिदों को तिरपाल से ढकने का काम पुलिस फोर्स की निगरानी में किया जा रहा है. कल सुबह से ही रंगों से होली खेलना शुरू हो जाएगी. सभी जगह सांप्रदायिक सौहार्द , अमन, शांति और भाईचारा का माहौल बरकरार रहें.. होली खेलते हुए लोग अक्सर मगन हो जाते हैं और आसपास का खास ख्याल नहीं रखते. ऐसे में मस्जिद की दीवारों पर भी रंग पड़ने का खतरा है. मस्जिदों पर रंग ना पड़े इसलिए मस्जिदों को ढका जा रहा है. मस्जिदों को ढकने का फैसला मस्जिद कमेटी और जिला प्रशासन ने आपसी सहमति से लिया है. अलीगढ़



एडीएम सिटी के अमित कुमार भट्ट का कहना है, षदिल्ली गेट चौराहा, कंनवरीगंज ,अब्दुल करीम चौराहे पर मौजूद मस्जिदों को पूर्व की तरह ही ढका जा रहा है. मुस्लिम और हिन्दू भाई दोनों आपस में सहयोग करते हुए मस्जिद को तिरपाल से ढकवा रहे हैं.

# उत्तर प्रदेश में होली और जुमे को लेकर प्रशासन की पुख्ता तैयारी

उत्तर प्रदेश में होली और जुमे को लेकर प्रशासन की पुख्ता तैयारी है. कुछ जिलों में जुलूस वाले रूट्स पर पड़ने वाली मस्जिदों को ढक दिया गया है. इसमें शाहजहांपुर, संभल, अलीगढ़ प्रमुख है. शाहजहांपुर में लाट साहब की होली के जुलुस वाले रूट पर पड़ने वाली मस्जिदों को तिरपाल से ढक दिया गया है. वहीं संभल में करीब 10 मस्जिदों को ढका गया है. साथ ही अलीगढ़ में भी कुछ मस्जिदों को लेकर सुरक्षात्मक उपाय किए जा रहे हैं. इसके अलावा अधिकतर जगहों पर दोपहर ढाई बजे नमाज पढ़ने का फैसला किया गया है. सबसे पहले बात संभल की करें तो यहां होली और जुमे को लेकर संभल में प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है. संभल की शाही जामा मस्जिद को ति. रपाल से ढका गया है. संभल में एक रात वाली मस्जिद, शाही जामा मस्जिद, लदनिया मस्जिद, गोल मस्जिद, अनार वाली, खजूरो वाली, गुरुद्वारा रोड मस्जिद को भी ढका जाएगा. इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं. अलीगढ़ भी उन जिलों में शामिल है जहां मस्जिदों को ढका जा रहा है यहां के अब्दुल करीम चौराहे पर मौजूद हलवाईयां मस्जिद को तिरपाल से ढक दिया गया है. इसके साथ ही कनवरीगंज और दिल्ली गेट चौराहे पर मौजूद मस्जिदें भी ढकी गई हैं. अलीगढ़ में मस्जिद ढकने से जुड़े सवाल पर एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट ने कहा कि यह पहले भी होता रहा है. सभी हमारा सहयोग कर रहे हैंअलीगढ़ में मोहम्मद जाकिर ने कहा कि शहर में शांति बनी रहे अमन रहे, किसी भी समुदाय को किसी को तकलीफ ना हो. प्रशासन की तरफ से



य एक सहयोग होता है और प्रशासन इसमें पूरी तरह से मदद करता है इसलिए कोई अप्रिय घटना ना हो ऐसे में मस्जिद ढकी जा रही है. 6–7 सालों से मस्जिद ढकी जा रही है.वहीं बरेली के मलूकपुर में भी मस्जिद को कवर किया गया है. सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च किया. होली के अवसर पर राम बारात को देखते हुए भारी पुलिस फोर्स तैनात है.इसके साथ ही शाहजहांपुर में 20 मस्जिदों को तिरपाल डालकर ढक दिया गया है. यह सभी मस्जिदें पारंपरिक श्लाट साहबश होली जुलूस के मार्ग पर स्थित हैं. एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार शाहजहांपुर में 67 मस्जिदे ढकी गईं हैं. शाहजहांपुर में शहर में 3500 पुलिस कर्मी सुरक्षा के लिए तैनात किए गए हैं.दूसरी ओर चंदौली में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन चप्पे चप्पे पर तैनात है. यहां होली से पहले बुधवार, 13 मार्च को पुलिस ने फ्लैग मार्च किया. होली को लेकर तैयारियों पर संभल के डीएम डॉक्टर राजेंद्र पेंसिया ने कहा कि 29 सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं. प्रत्येक सेक्टर मजिस्ट्रेट को वहां भ्रमण करने के लिए कहा गया है और हमारी पीएससी बटालियन है. हमने पूर्व की तरह त्रिस्तरीय सुरक्षा में लगाते हुए सबको निर्देशित किया है कि प्रत्येक जो स्थान पर सुरक्षा है चाक चौबंद रहे .250 सीसीटीवी कैमरा लगे हुए है. उसके साथ में ड्रोन से एक बार निगरानी जारी है मस्जिदों को ढकने के साथ ही राज्य के 14 जिलों में नमाज का वक्त भी बदला गया है. इसमें शाहजहांपुर, संभल, जौनपुर ,मिर्जापुर, ललितपुर, औरैया, लखनऊ, मुरादाबाद, रामपुर,अमरोहा, उन्नाव, बरेली, मुरादाबाद, सोनभद्र और अयोध्या शामिल है.इन सबके बीच होली और जुमे को लेकर इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया ने एडवायजरी जारी की है. मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि जुमे की नमाज के लिए समय तय किया है. हम चाहते हैं कि दोनों पक्ष सौहार्द बनाए रखें और शांति से त्योहार मनाएं.

# AMU में जमकर उड़ा रंग, छात्र–छात्राओं ने खेली जमकर होली

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में होली खेलने को लेकर जमकर विवाद हुआ. इसके बाद एनआरएससी हॉल में होली मिलन समारोह कार्यक्रम की अनुमति दी गई. हॉल के प्रोवोस्ट प्रो बीबी सिंह ने कहा 13 और 14 मार्च को एएमयू का कोई भी छात्र हॉल में आकर होली खेल सकता है. इसी बीच अब एएमयू में छात्रों ने जमकर होली खेली और छात्राों ने एक–दूसरे पर गुलाल लगाया. जिसका वीडियो भी सामने आया है, जिसमें साफ दिख रहा है कि छात्र एक दूसरे को रंग–गुलाल लगाते हुए होली का जश्न मना रहे हैं.इससे पहले ।डन में होली मनाने के विवाद पर अलीगढ़ से बीजेपी सांसद सतीश गौतम ने कहा था होली का विरोध केवल जिन्ना की मान. सिकता को दर्शाता है। जिन्ना तो चला गया लेकिन जिन्ना की मानसिकता के लोग अभी भी AMU में मौजूद हैं. इनके दिमाग से अभी जिन्ना की छवि निकली नहीं है. यह लोग अराजकतावादी हैं इनकी क्या मानसिकता है. कोई भी प्रॉब्लम होगी और कोई भी अगर अराजकता फैलाएगा उसको उसी की भाषा में जवाब दिया जायेगा ,अगर नहीं समझेगा तो उसको ऊपर पहुंचा दिया जायेगा. यह अब नया यूपी है ऐसे लोगो का इलाज अच्छे से करना जानता है.बीजेपी सांसद सतीश गौतम ने कहा था कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के भीतर लगभग 40 हजार छात्र हैं, जिनमें से चार हजार हिंदू हैं. हिंदू छात्र हर साल होली खेलने की अनुमति इसलिए मांगते हैं, क्योंकि उनकी संख्या कम है और वे चाहते हैं कि त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाए. उनका डर यह है कि यदि अनुमति नहीं मिलती है तो किसी अन्य धार्मिक समूह के छात्र वहां हंगामा कर सकते हैं, जैसा कि पहले भी देखा गया है.बता दें कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले हिंदू छात्र अखिल कौशल ने एएमयू प्रशासन से 9 मार्च को होली मिलन समारोह की अनुमति मांगी थी लेकिन एएमयू प्रशासन ने पहले तो इनकार कर दिया. इसके बाद 13 और 14 मार्च को एएमयू के एनआरएससी क्लब में होली खेलने की अनुमति दे दी. जिसमें कहा गया था कि यूनिवर्सिटी के जो हिंदू छात्र है वह कल 11रू00 बजे से लेकर 3रू00 तक एनआरएससी क्लब में होली खेलेंगे.



# होली के त्योहार से पहले अलीगढ़ जिले के थाना दादों क्षेत्र के गांव शेखुपुर सटकना में माहौल को बिगाड़ने की कोशिश

होली के त्योहार से पहले अलीगढ़ जिले के थाना दादों क्षेत्र के गांव शेखुपुर सटकना में माहौल को बिगाड़ने की को. शिश की गई. गांव के मनरेगा पार्क में रातों–रात डॉ. भीमराव अंबेडकर की एक मूर्ति स्थापित कर दी गई, जिससे गांव में बघेल समाज और जाटव समाज के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई. घटना की सूचना मिलते ही अलीगढ़ पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया. एसएसपी अलीगढ़ और एसपी ग्रामीण मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया. उन्होंने दोनों समाज के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की और आपसी सहमति से मूर्ति को हटाने का सुझाव दिया.गांव के सार्वजनिक स्थल मन. रेगा पार्क में बीती रात किसी ने अचानक अंबेडकर की मूर्ति स्थापित कर दी. सुबह होते ही गांव में इस मुद्दे को लेकर चर्चा शुरू हो गई और दो समुदायों में तनाव पैदा होने लगा. बघेल समाज और जाटव समाज के कुछ लोगों ने इसका विरोध किया, जबकि कुछ लोग इसका समर्थन कर रहे थे. धीरे–धीरे यह मामला गर्माने लगा तो कुछ नव युवकों ने पथराव भी शुरू कर दिया जिससे स्थिति बिगड़ने की आशंका बढ़ गई. सूचना मिलते ही थाना दादों पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए. चंद मिनट में ही स्थिति को काबू में पा लियामौके पर पहुंचे एसएसपी अलीगढ़ ने स्थानीय लोगों से बातचीत की



और माहौल को शांत करने का प्रयास किया. पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों को समझाते हुए कहा कि किसी भी सार्वज. निक स्थान पर बिना अनुमति के मूर्ति स्थापित करना अवैध है. एसएसपी के समझाने के बाद ग्रामीणों ने स्वेच्छा से मूर्ति को हटा दिया. इस दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो. वहीं घटना के बाद गांव में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है. किसी भी अनहोनी से बचने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है. एसएसपी ने कहा कि यह सांप्रदायिक या जातीय मुद्दा न बने, इसके लिए सभी से शांति बनाए रखने की अपील की गई है. प्रशासन इस बात की जांच कर रहा है कि मूर्ति किसने और क्यों स्थापित की?एसएसपी ने कहा है जिन लोगों ने माहौल खराब करने की कोशिश की उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी. जिन लड़कों ने माहौल खराब करने की कोशिश की है, उनपर कार्यवाही होगी साथ ही अलीगढ़वासियों से अपील है कि जो लोग प्रधानी को लेकर कानून व्यवस्था को खराब करने की कोशिश करेंगे उनको हम कानूनी तरीके से गभीर लेंगे और कठोर कार्यवाही करेंगे. अलीगढ़ जिले में कानून व्यवस्था को किसी के हाथ में नहीं लेने दिया जाएगा जो लोग चुनाव को लेकर इस तरह के काम करेंगे और माहौल खराब करने की प्लानिंग करेंगे उनके खिलाफ निश्चित तौर पर अलीगढ़ पुलिस कठोर से कठोर कानून के तहत कार्रवाई करेगी. इस मामले में किसी भी तरह की ढीला रवैया पुलिस का नहीं रहेगा और जिस जगह पर भी या जिले भर में कहीं भी किसी के द्वारा भी अनावश्यक तरीके से बिना परमिशन के कोई मूर्ति वगैरा रखी जाती है तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी.

# वार्ष्णेय युवा संगठन, महानगर अलीगढ़ (रजिस्टर्ड) के फागोत्सव में छाई गुलाल की मस्ती

वार्ष्णेय युवा संगठन, महानगर अलीगढ (रजि ) परिवार द्वारा आयोजित फागोत्सव होली महोत्सव में हरबल गुलाल एवं फूलों की होली में फागोत्सव का महिलाएं युवा और बच्चे आनन्द लेते रहे ।संगठन के सलाहकर भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार आगरा रोड अलीगढ़ स्थित ग्रीन व्यू रिसोर्ट्स पर आयोजित हुए इस फागा. त्सव कार्यक्रम में जहां एक ओर संगठन के चेयरमेन श्री नितिन घुट्टी व संगठन के संस्थापक श्री विष्णु भैया ने वार्ष्णेय वंश कुलप्रवर्तक परम् पूज्य श्री अक्रूर जी महाराज के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया वही दूसरी ओर संगठन के सलाहकार आकाशदीप वार्ष्णेय एडवोकेट , भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक , अध्यक्ष धनंजय ज्वैलर्स , महामंत्री मनोज गुप्ता लकी , संयुक्त महामंत्री रोहित पीतल एवम कोषाध्यक्ष आकाश भैया , हेमेंद्र नाथ , अनिल अन्नू , अतुल साइकिल ने राधा कृष्ण के स्वरूपों को गुलाल लगाकर होली महोत्सव को आगे बढ़ाया । संगठन के सलाहकर भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक ने आगे बताया कि होली की मस्ती में सभी सराबोर रहे , लठमार होली में वरसाने जैसा आनन्द आया ।वरसाने की गोपियाँ जैसे ही पनघट की ओर बढ़ी नन्दगाँव के हुरियारों ने उन्हें रंग से सराबोर कर दिया फिर क्या था सभी गोपियों ने सभी नन्दवासी हुरियारों की खबर लट्ठों से ली । दर्शक लठमार होली का आनन्द देर रात्रि तक लेते रहे ।मथुरा वृंदावन से आये कलाकारों ने राधाकृष्ण के रूप में बृज की होली की शानदार प्रस्तुति दी ।साथ ही वार्ष्णेय युवा संगठन से जुड़ी महिलाओं ने भी होली की एक से एक बढ़कर प्रस्तुतियां दी । इस अवसर पर देर रात्रि तक गीत संगीत की त्रिवेणी में युवाओं के साथ बच्चों ने भी धमाल किया ।इस अवसर पर होली महोत्सव में संगठन के संस्थापक विष्णु भैया एवं चेयरमेन नितिन घुट्टी , सलाहकार आकाशदीप वार्ष्णेय एडवोकेट, भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक , अध्यक्ष धनन्जय वार्ष्णेय भय्यन ज्वेलर्स , उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता संजू जेएम डवलू , महामंत्री मनोज कुमार गुप्ता लकी, संयुक्त महामंत्री रोहित वार्ष्णेय पीतल , कोषाध्यक्ष आकाश गुप्ता भैया, संगठन मंत्री अनिल कुमार अन्नू , प्रचार मंत्री आशुतोष गुप्ता आशु गैस, मंत्री अतुल साइकिल , प्रमोद कुमार बॉबी, किशोर वार्ष्णेय कुरकुरे , सुमित वार्ष्णेय एडमिन , गौरांग वार्ष्णेय स्टील , कार्यकारिणी सदस्य नवनीत वार्ष्णेय छिपेटी , अतुल कुमार वार्ष्णेय पावनी लॉक्स , हेमेन्द्रनाथ वार्ष्णेय, रानू वार्ष्णेय स्क्रेप , दीपक वार्ष्णेय व्यापार



मंडल , संदीप कुमार बैटरी , नवनीत वार्ष्णेय जौनी , लखन वार्ष्णेय लक्ष्मी ज्वेलर्स, विशाल नंदन सुड्डू , राहुल गुप्ता सरस्वती , प्रशान्त वार्ष्णेय भरत मोबाइल , हिमाशु गुप्ता एन, के. ,अंकुर सिलसन , प्रियाँक मधुवन , रवि गद्दा ने सभी आग. न्तुक अतिथियों का स्वागत पटका पहनाकर एवं टोपी लगाकर किया । मो. हिनी घुट्टी , ज्योति वार्ष्णेय , दीपिका वार्ष्णेय, शैल गुप्ता , राजश्री वार्ष्णेय , तनु गुप्ता , दीपाली वार्ष्णेय , डॉली वार्ष्णेय आदि ने होली गीतों पर अपनी अपनी प्रस्तुतियां दी ।होली महोत्सव के शुभ अवसर पर होली की बधाई देते हुए संगठन के चौयरमेन नितिन घुट्टी ने कहा कि आज हम सभी खुशियों के साथ परिवार के साथ होली महोत्सव मना रहे हैं । सामाजिक समरसता का ध्योतक है यह पर्व । हम सभी को अमीरी गरीबी मिटाकर ऊंच नीच का भाव त्याग कर यह पर्व मनाना चाहिए आज फागोत्सव में सभी युवाओं ने केसरिया गुलाल से भगवा होली खेली है ।

# संस्कार भारती की पहल पर रासायनिक रंगों को छोड़ प्राकृतिक रंगों से होली खेली

कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती ने इस होली पर सभी से अपील की थी कि रासायनिक रंगों को छोड़कर केवल प्राकृतिक रंग टेशु के फूल ,अबीर गुलाल आदि से ही होली खेले। इसका व्यापक असर भी देखा गया । ज्यादातर बाजारों की होली में टेसू के फूलों के रंग का पानी का प्रयोग किया गया ।संस्कार भारती अलीगढ के जिला अध्यक्ष भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक ने बताया कि इस वर्ष इस कार्य के लिए 10 टीमों का स्वरूप बनाया गया जिन्होंने बाजारों और मुहल्लों में हर्बल रंगों के प्रयोग के लिए लोगों से आग्रह किया और इसका व्यापक रूप भी देखने को मिला रासायनिक रंगो को त्यागकर अधिकांश बाजारों में केवल प्राकृतिक रंगों से होली खेली गयी। इसमें संस्कार भारती के ।पदाधिकारीयों ने अपने अपने क्षेत्रों में प्राकृतिक रंगो से होली खेलने के लिए समाज को जागृत किया ।

# घर में होली की पूजा कैसे करते हैं, क्या इसका कोई खास नियम

रंगों का त्यौहार होली 14 मार्च, शुक्रवार को बहुत हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा, इस खास दिन जानें घर में होली की पूजा की जाती है, जानें इसके नियम क्या हैं? होली का पर्व दो दिन मनाया जाता है. जिसमें पहलें दिन छोटी होली या होलिका दहन किया जाता है और दूसरे दिन रंग खेलने वाली होली खेली जाती है. होली की पूजा होलिका दहन के दिन ही की जाती है. इस पूजा को करने का विशेष महत्व है. इस पूजा के लिए अपने घर से गाय के गोबर से होलिका और प्रहलाद की प्रतिमा बनाएं. होलिका दहन के दिन कच्चे सूत को होलिका के चारों ओर तीन या सात परिक्रमा करते हुए लपेटें. इसके बाद लोटे में जल लेकर और पूजा की वस्तुओं को एक–एक करके हो.



लिका को अर्पित करें. साथ ही भगवान नवसिंह और विष्णु जी की आराधना करें. होलिका की अग्नि में रोली, अक्षत व पुष्प को भी पूजन में प्रयोग किया जाता है, गंध–पुष्प का प्रयोग करते हुए पंचोपचार विधि से होलिका का पूजन किया जाता है. मान्यता है कि होलिका दहन के वक्त विधिवत पूजा अर्चना करने से आपको शुभ फलों की प्राप्ति होती है और आपके परिवार के लोगों की हर बुरी नजर से रक्षा होती है.

## रमजान का 12वां रोजा, देखें दिल्ली, मुंबई, लखनऊ समेत अपने शहर के सहरी–इफ्तार का समय

पाक महीने रमजान में वैसे तो पूरे महीने नियमित रूप से हर दिन मुसलमान रोजा रखते हैं. लेकिन बारहवें रोजे का महत्व काफी बढ़ जाता है. इसका कारण यह है कि इस्लाम में अंकों के जहान में 12 को महत्वपूर्ण माना जाता है.रमजान का बारहवां रोजाइस्लामिक कैलेंडर में माह रबी. उलअव्वल की 12वी तारीख को मिलादुन. नबी यानी हरजत मोहम्मद सल्ल. का जन्मदिन होता है. इसलिए इस्लाम में 12 अंक या 12 तारीख को पाक और बुलंद माना जाता है. यही कारण है कि रमजान के 12वें रोजे का महत्व भी बढ़ जाता है. रमजान की शुरुआत होती ही रोजेदार पूरे इमान के साथ हर दिन रोजा रख रहे हैं और रोजा रखने का मुकाम अब बारहवें रोजे तक पहुंच चुका है. 13 मार्च 2025 को 12वां रोजा रखा जाएगा.सहरी–इफ्तार का समयरोजा के लिए जो चीज सबसे ज्यादा अहमितय रखती है, वह है श्सहरी और इफ्तारश, क्योंकि इफ्तार और सहरी के बिना रोजा पूरा नहीं हो सकता है. इसलिए रोजेदारों के लिए यह बेहद जरूरी हो जाता है कि सही समय पर सहरी और इफ्तार किया जाए.अलग–अलग शहरों में सहरी और इफ्तार करने के समय में भी कुछ मिनट का अंतर हो जाता है, इसलिए यह जान लीजिए की 13 मार्च 2025 को आपके शहर में सहरी और इफ्तार का क्या समय रहेगा. आइए जानते हैं दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, कोलकाता, कानपुर हैदराबाद, जयपुर, पटना समेत अन्य शहरों में सहरी–इफ्तार का समय

## होलिका दहन के बाद उसकी राख का क्या करना चाहिए ?

होलिका दहन के बाद सबसे बड़ा प्रश्न लोगों के मन में उठता है की होली की राख का उन्हें क्या करना चाहिए. लगभग पूरे देश में होली बड़े धूमधाम से मनाई जाती है. गालियों चौराहा हो और घरों में भी होली की अग्नि जलाई जाती है. हो. लिका दहन होने के पश्चात लोग अक्सर उसे रख को घरों से बाहर सफाई में फेंक देते हैं. होली की पवित्र रख को घर से बाहर फेंकने से पितृ और देवता नाराज होते हैं. इससे घर में वास्तु दोष, पितृ दोष और ग्रह नक्षत्र के दुष्परिणाम प्राप्त होते हैं. आज हम आपको बता रहे हैं कि होली की राख का हमें कैसे उपयोग करके अपने जीवन में खुशहाली लानी चाहिए.घर के मुख्य द्वार पर बांधे रू होलिका दहन के बाद बची हुई रात को ठंडा होने के पश्चात लाल कपड़े में एक मुट्ठी राख बांधकर एक तांबे के सिक्के के साथ घर के मुख्य द्वार पर बांध दें. ऐसा करने से घर से नक. ारात्मक ऊर्जा दूर होगी और आर्थिक समृद्धि प्राप्त होगी साथ ही घर के वास्तु दोष से मुक्ति मिलेगी. ध्यान रखें उसे तांबे के सिक्के में सा छेद होने चाहिए. बुरी नजर से रक्षा कवच रू होली की अग्नि ठंडी होने के बाद उसकी राख को किसी ताबीज में भरकर गले अथवा बाजू में धारण कर लेना चाहिए. उस भस्म में थोड़ी राई, थोड़ा नमक मिलाकर उसे चांदी के ताबीज में भरकर गले में धारण करना चाहिए. इससे किसी की भी बुरी नजर से आपका बचाव होगा.शनि से प्रभावित राशियों को लाभ रू मेष, कुम्भ, मीन को साढ़ेसाती एवं सिंह और धनु राशि वालों को ढैय्या के प्रभाव से लाभ मिलेगा. होली के तुरंत बाद मेष राशि पर साडेसाती शुरू होने वाली है. ऐसे में मेष और मीन राशि के जातकों को होली की राख को जल में मिलाकर शनि देव को अर्पित करने से साडेसाती में लाभ रहेगा.ग्रह कलह से छुटकारा रू अगर घर में बहुत ज्यादा लड़ाई–झगड़े होते रहते हैं या घर की निगेटिव एनर्जी को दूर करना चाहते हैं तो होलिका की राख की पोटली बना लें. इसके बाद इसे शुभ मुहूर्त में घर के अलग–अलग हिस्से में रख दें. ऐसा करने से घर में व्याप्त नकारात्मक ऊर्जा नष्ट हो जाएगी.

## होली पर चंद्र ग्रहण अब क्या होगा, किन राशियों को डरने की जरुरत है?

होली के दिन साल का पहला चंद्र ग्रहण भी लगने जा रहा है.हालांकि ये भारत में दिखाई नहीं देगा इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा. ज्योतिष शास्त्रों के अनुसार आसमान में घटने वाले खगोलिय घटना का हमारे जीवन पर जरुर असर पड़ता है. ऐसे में ज्योतिष दृष्टि से होली के बाद कुछ राशि वालों के लिए मुश्किलों भरा हो सकता है.होली और चंद्र ग्रहण एकसाथहोली चंद्र ग्रहण के साए में ही खेली जाएगी. भारतीय समय के अनुसार, चंद्र ग्रहण 14 मार्च की सुबह 9 बजकर 27 मिनट से शुरू होकर दिन में लगभग 3 बजकर 30 मिनट तक रहेगा. चंद्र ग्रहण का प्रभाव राशि चक्र की सभी राशियों पर पड़ेगा, लेकिन 3 ऐसी राशियां हैं खासकर संभलकर रहने की जरुरत है. इनके जीवन में कई तरह की चुनौतियां आ सकती है.इन राशियों को डरने की जरुरतमिथुन राशि – मिथुन राशि वालों के लिए साल का पहला चंद्र ग्रहण और होली का त्योहार चुनौतियों भरा रहने वाला है. वैवाहिक जीवन में विवाद की स्थिति



पैदा हो सकती है वाणी और व्यवहार पर कंट्रोल रखें. निवेश के लिए ये समय अनुकूल नहीं है. मानसिक तौर पर परेशानी बढ़ेगी. सेहत में लेकर कोई लापरवाही न बरते, नहीं तो गंभीर बीमारी घेर सकती है. पारिवारिक मामलों में तनाव बढ़ सकता है. मकर राशि – मकर राशि वालों के लिए होली पर लग रहा चंद्र ग्रहण कठिनाइयों से भरा हो सकता है. नौकरीपेशा जातकों पर काम का बोझ बढ़ सकता है. कोर्ट कचहेरी से संबंधित मामला है तो उसमें परेशानी बढ़ सकती है. लव लाइफ में दिक. कतें आ सकती है.सिंह राशि – सिंह राशि वाले इस चंद्र ग्रहण से बचकर रहें. ग्रहण आपके जीवन में आर्थिक रूप से प्रतिकूल प्रभाव डालेगा. धन की बचत करके रखें. होली के बाद आपको किसी भी तरह का निवेश बिना किसी की सलाह के नहीं करना चाहिए. काम की भागदौड़ में सेहत को नजरअंदाज न करें. पति–पत्नी आपसी तालमेल बैठाए रखें नहीं तो मनमुटाव बढ़ सकता है.

## होलिका दहन के लिए सिर्फ 1 घंटे का शुभ मुहूर्त

फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि पर 13 मार्च को होलिका दहन होगा. इस साल होली का पर्व शुक्रवार 14 मार्च को मनाया जाएगा. होली के एक दिन पहले होलिका दहन का महत्व दोगुना होता है. इस दिन होलिका दहन की अग्नि नकारात्मक ऊर्जा का नाश करती है और जीवन में खुशियों का आगमन होता है. होलिका दहन13 मार्च को होलिका दहन है, इसी दिन शाम को होलिका दहन किया जाता है लेकिन 13 मार्च को भद्रा की शुरुआत शाम 06 बजकर 57 मिनट से होगी और इसका समापन रात 10 बजकर 22 मिनट पर होगा.हो. लिका दहन के लिए करीब 1 घंटे का शुभ मुहूर्त है. होलिका दहन के लिए 13 मार्च को रात 11 बजकर 26 से देर रात 12 बजकर 30 मिनट का समय उत्तम है.हो. लिका दहन वाले स्थान पर लकड़ियां, उपले और अन्य जलाने वाली चीजों को एकत्रित किया जाता है.इसके बाद होलिका दहन के शुभ मुहूर्त पर विधिवत रूप से पूजन करते हुए होलिका में आग लगाई जाती है.होली की रात होलिका के पास और किसी मंदिर में दीपक जलाएं. होली दहन के समय परिवार के सभी सदस्यों को होलिका की तीन या सात परिक्रमा करनी चाहिए.होलिका दहन के समय हो. लिका में नारियल, अनाज, गोबर के कंडे और पूजन सामग्री डाल देनी चाहिए.हो. लिका की परिक्रमा करते हुए उसके चारों ओर कच्चे सूत की तीन, पाँच अथवा सात माला बाँधी जाती हैं. फिर कलश के जल को होलिका के समक्ष अर्पित कर दें.प्रह्लाद का पिता हिरण्यकशिपु भगवान विष्णु का शत्रु था. वह अपने पुत्र द्वारा भगवान विष्णु की भक्ति करने के घोर विरोधी था. जब प्रह्लाद ने हिरण्यकशिपु की आज्ञा मानने को अस्वीकार कर दिया, तो हिरण्यकशिपु ने अपनी बहन राक्षसी होलिका को प्रह्लाद की हत्या करने का आदेश दिया. होलिका के पास अग्नि से सुरक्षित रहने हेतु भगवान ब्रह्मा द्वारा उपहार में दी गयी दिव्य ओढ़नी थी.होलिका ने प्रह्लाद को विशाल अग्नि में जलाकर मारने की योजना बनाई हो. लिका ने प्रह्लाद को अग्नि में लेकर बैठ गयी, किन्तु भगवान विष्णु की असीम कृपा से, होलिका के स्थान पर दिव्य ओढ़नी ने प्रह्लाद को अग्नि से सुरक्षित बचा लिया. लोककथाओं के अनुसार, अग्नि दहन होने पश्चात प्रह्लाद ने भगवान विष्णु का नाम जपना आरम्भ कर दिया था. जब भगवान विष्णु ने अपने प्रिय भक्त को सङ्कट में देखा, तो उन्होंने होलिका के ऊपर से ओढ़नी को अपने भक्त प्रह्लाद पर उड़ाने के लिये वायु के एक झोंके को आदेश दिया. इसीलिये राक्षसी होलिका विशाल अग्नि में भस्मीभूत हो गयी और भगवान विष्णु की कृपा तथा मायावी ओढ़नी के कारण प्रह्लाद को कोई क्षति नहीं हुई.

## होलिका दहन की रात करें काल तिल के ये टोटके, पितृदोष से मिलेगी मुक्ति और धन संबंधित मिलेंगे अनेकों लाभ

देशभर में आज होलिका दहन का पर्व मनाया जा रहा है और रात के समय हो. लिका दहन किया जाएगा. यह पर्व हर वर्ष फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है और प्रतिपदा तिथि में रंगों वाली होली खेली जाएगी. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, होलिका दहन की रात बेहद दिव्य रात होती है और इस रात में किए तंत्र–मंत्र के कार्य जल्दी प्रभावी होते हैं. इसलिए अगर आप इस रात काले तिल के कुछ विशेष उपाय करेंगे तो इससे ना सिर्फ पितृ दोष से मुक्ति मिलेगी बल्कि धन संबंधित सभी कार्य आपके पूरे हो जाएंगे. आइए जानते हैं होलिका दहन के दिन किए जाने वाले कुछ विशेष उपाय के बारे में होलिका दहन की रात काले तिल की आहुति दें. ऐसा करने से सभी तरह के रोग व कष्ट दूर होते हैं और घर में सक. ारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होता है. साथ ही ऐसा करने से पितर प्रसन्न होंगे और कुंडली में मौजूद पितृ दोष दूर होगा.हो. लिका दहन की रात कुछ सरसों और काले तिल के दाने लें और उनको अपने ऊपर से सात बार वार लें. फिर उनको होलिका की आग में डाल दें. ऐसा करने से आपके सभी कष्ट दूर होंगे और हर अधूरे कार्य पूरे होंगे. इस उपाय नकारात्मक ऊर्जा होगी दूरहोलिका दहन की रात घर के मुख्य द्वार की तरफ बाएं हाथ की तरफ एक घी का दीपक जलाएं और उसमें कुछ काले तिल डाल दें. ऐसा करने से नक. ारात्मक ऊर्जा घर से दूर रहेगी और धन लाभ के प्रबल योग भी बनेंगे.इस उपाय से नौकरी व व्यापार में होगी उन्नतिहोलिका दहन के बाद किसी सुनसान जगह पर जाकर कुछ काले तिल लेकर सिर से लेकर पैर तक अपने ऊपर से पांच बार वार लें. इसके बाद उनको वहीं रख दें और बिना पीछे देखे सीधे घर चले आएं. ऐसा करने से नौकरी व व्यापार में उन्नति होगी और हर तरह के दोष से मुक्ति मिलेगी.इस उपाय से संपत्ति में होगी वृद्धि होलिका दहन की राख को काले तिल के साथ एक लाल कपड़े में बांध लें और फिर उनको धन के स्थान जैसे अलमारी या तिजोरी में रख दें. ऐसा करने से धन संबंधित समस्या दूर होगी और पितरों के आशीर्वाद से धन व संपत्ति में अच्छी वृद्धि होगी.

## 30 साल बाद शनि का नक्षत्र परिवर्तन! इन तीन राशियों के लिए है खुशियों का पैगाम, हर जगह से होगी पैसों की बारिश

देवघर. सभी ग्रहों में से धीमी गति से चलने वाला और सबसे क्रूर ग्रह शनि माना जाता है. शनि जब भी अपनी चाल या नक्षत्र में परिवर्तन करते हैं, तो इसका प्रभाव मानव जीवन के साथ ही 12 राशियों के ऊपर अवश्य पड़ता है. जिस राशि के ऊपर सक. ारात्मक प्रभाव पड़ता है. उसकी किस्मत बदल जाती है और जिस राशि के ऊपर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है उस राशि जातक लोगों के लिए जीवन अस्त–व्यस्त हो जाता है. वहीं अप्रैल के महीने में शनि अपनी चाल में परिवर्तन करने वाले हैं, जिसका प्रभाव तीन राशियों के ऊपर विशेष पड़ने वाला है. शनि कब करेंगे अपनी चाल में परिवर्तन और किस राशियों के ऊपर पड़ेगा सकारात्मक प्रभाव जानते हैं देवघर के ज्योतिषाचार्य से?देवघर के पागल बाबा आश्रम स्थित मुद्गल ज्योतिष केंद्र के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित नंदकिशोर मुद्गल में लोकल 18 के संवाददाता से बातचीत करते हुए कहा कि शनि फिलहाल कुंभ राशि में विराजमान है और 29 मार्च को शनि मीन राशि में गोचर करने वाले हैं, जितना प्रभाव शनि के राशि परिवर्तन करने से है. उतना ही प्रभाव नक्षत्र बदलने से भी होता है. वहीं शनि 30 साल बाद 28 अप्रैल को उतरा भाद्रपद में शनि प्रवेश




करेंगे और 2 अक्टूबर तक इसी नक्षत्र में रहेंगे. इसका प्रभाव तीन राशियों के ऊपर विशेष पड़ने वाला है वृषभ, कर्क तुला. शनि की नक्षत्र परिवर्तन करने से वृषभ राशि जातक के ऊपर सकारात्मक प्रभाव पड़ने वाला है. भाग्य का साथ मिलेगा, जिस वजह से हर कार्य में सफलता हासिल होगी. आय मे बढ़ोतरी होगी. नौकरी में प्रमोशन और वेतन वृद्धि का भी योग बन रहा है. व्यापार में भी प्रॉफिट का योग बनेगा. नए व्यापार की भी शुरुआत कर सकते हैं शनि की नक्षत्र परिवर्तन करने से कर्क राशि जातक के ऊपर सकारात्मक प्रभाव पड़ने वाला है. समाज में कार्य के कारण मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी. शेयर बाजार में भी मुनाफा का योग बनेगा. आर्थिक स्थिति मजबूत होगी. जमीन,प्रॉपर्टी या वाहन खरीद सकते हैं. संतान की तरफ से कोई खुशखबरी प्राप्ति हो सकती है. वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा. सिंगल जातक लोगों के लिए विवाह का प्रस्ताव दिया सकता है.शनि के नक्षत्र परिवर्तन करने से तुला राशि जातक के ऊपर सक. ारात्मक प्रभाव पड़ने वाला है. करियर में भरपूर ग्रोथ होगा. रोजी रोजगार की तलाश करने वाले जातक लोगों के लिए तलाश पूरी हो सकती है. जो छात्र प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करते हैं उनके लिए भी सफलता का योग बनेगा. करियर पर अच्छा फोकस कर पाएंगे.

# चीन के पास अब 600 न्यूक्लियर वेपन, अमेरिका ने किया खुलासा तो बढ़ी भारत की चिंता

दुनिया की सबसे बड़ी सेना रखने वाला चीन अब सबसे तेज गति से परमाणु हथियारों का निर्माण कर रहा है. अमेरिका के फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के पास अब लगभग 600 परमाणु बम हो चुके हैं. इसके अलावा चीन बड़े पैमाने पर मिसाइलें और परमाणु बॉम्बर भी तैयार कर रहा है. दुनिया में कुल 9 देश परमाणु हथियार संपन्न हैं, लेकिन चीन एकमात्र ऐसा एनपीटी हस्ताक्षरकर्ता देश है, जो इतनी तेजी से परमाणु हथियार विकसित कर रहा है. अमेरिकी वैज्ञानिकों का कहना है कि पिछले पांच वर्षों में चीन ने अप्रत्याशित रूप से अपने परमाणु जखीरे को बढ़ाया है. विश्लेषकों के अनुसार, चीन ने कई तरह के नए और अधिक परमाणु हथियार तैनात किए हैं, जो पहले कभी नहीं हुआ था. रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चीन की इस परमाणु नीति का मुख्य लक्ष्य अमे. रिका और भारत हैं.अमेरिका से टकराने की तैयारी में चीनचीन ने दुनिया की सबसे बड़ी सेना बनाकर अपने पड़ोसी देशों भारत, फिलीपींस और जापान को धमकाना शुरू कर दिया है. ताइवान के पास लाइव फायर ड्रिल करके वह लगातार उसे डराने की कोशिश कर रहा है. अब चीन की मंशा सीधे अमेरिका से भिड़ने की है, और इसी



कारण वह युद्धस्तर पर अपनी परमाणु ताकत बढ़ाने में जुटा हुआ है.अमेरिकी वै. ज्ञानिकों के अनुसार, चीन के परमाणु बमों की संख्या 600 तक पहुंच चुकी है. इसके साथ ही, वह अपने तीन मिसाइल साइलो के निर्माण को भी तेजी से आगे बढ़ा रहा है, जिनमें अंतरमहाद्वीपीय परमाणु मिसाइलों (प्ब्ठड) को रखा जाएगा. इसके अलावा, चीन एक नया साइलो भी तैयार कर रहा है, जहां घातक क्थ्–5 प्ब्ठड मिसाइलों को तैनात किया जाएगा. चीन की यह सैन्य रणनीति वैश्विक सुरक्षा के लिए एक बड़ी चिंता बनती जा रही है.600 परमाणु बमों का जखीरा किया तैयारअमेरिकी वैज्ञानिकों के आकलन के मुताबिक, चीन ने अब तक 600 परमाणु बमों का जखीरा तैयार कर लिया है, जिन्हें जमीन, हवा और समुद्र किसी भी माध्यम से दागा जा सकता है. इससे पहले अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने भी खुलासा किया था कि चीन के परमाणु हथियारों की संख्या 600 तक पहुंच चुकी है.पेंटागन का अनुमान है कि साल 2030 तक चीन के परमाणु बमों की संख्या बढ़कर 1000 हो जाएगी, जिनमें से कई बम तुरंत हमला करने के लिए पूरी तरह तैयार रहेंगे. वहीं, 2035 तक यह संख्या 1500 तक पहुंचने की संभावना जताई गई है. चीन के पास ऐसी मिसाइलें मौजूद हैं, जो पूरे भारत में कहीं भी परमाणु हमला कर सकती हैं. इसके अलावा चीन के पास कई अंतरमहाद्वीपीय मिसाइलें भी हैं, जो अमेरिका के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकती हैं.

## PM के तौर पर घर वापसी को तैयार शेख हसीना! बांग्लादेश अवामी लीग नेता ने किया दावा

अवामी लीग के सीनियर नेता और शेख हसीना के करीबी सहयोगी, रब्बी आलम ने बुधवार (12 मार्च) को एक महत्वपूर्ण घोषणा की. उन्होंने दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना जल्द ही बांग्लादेश में प्रधानमंत्री के रूप में लौट सकती हैं. उनका यह बयान तब आया है जब बा. ंग्लादेश गंभीर राजनीतिक संकट से गुजर रहा है. आलम ने यह भी खुलासा किया कि भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका हसीना और अन्य अवामी लीग ने. ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण रही है.शेख हसीना ने बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता के कारण भारत में शरण ली थी. हिंसक आंदोलन के बाद, हसीना ने अगस्त 2024 में बांग्लादेश से भागकर भारत में प्रवेश किया. उन्हें भारतीय सेना के विमान द्वारा दिल्ली के पास स्थित हिंडन एयरबेस लाया गया. भारत ने उन्हें आपातकालीन स्थिति में शरण दी, और तब से वह दिल्ली में एक अज्ञात स्थान पर रह रही हैं.अंतर्राष्ट्रीय हस्तक्षेप की आवश्यकतारब्बी आलम ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से बांग्लादेश के हालात पर हस्तक्षेप करने की मांग की. उनका मानना है कि देश के राजनीतिक संकट को एक आतंकवादी विद्रोह के रूप में देखा जाना चाहिए. उन्होंने इस आंदोलन को केवल एक राजनीतिक संघर्ष मानने से इनकार किया और इसे ष्आतंकवादी विद्रोहष करार दिया. उनके अनुसार, कई अवामी लीग नेता भी भारत में शरण लिए हुए हैं और भारत की सरकार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है.हसीना का प्रत्यर्पण और बांग्लादेश की नई सरकारहसीना के देश छोड़ने के बाद, मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक अंत. रिम सरकार का गठन हुआ. इस सरकार ने हसीना के प्रत्यर्पण के लिए भारत से अनुरोध किया है. बांग्लादेश सरकार ने हाल ही में कहा था कि भारत ने अभी तक इस अनुरोध पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है. इस बीच, यूनुस सरकार ने शेख हसीना के खिलाफ सैकड़ों मुकदमे दर्ज किए हैं, जिनमें मानवता के खिलाफ अपराध भी शामिल हैं.बांग्लादेश की राजनी. तिबांग्लादेश की राजनीति एक गंभीर मोड़ पर खड़ी है, जहां शेख हसीना की वापसी की चर्चा तेज हो गई है. रब्बी आलम द्वारा दिए गए बयान और भारत की भूमिका ने इस स्थिति को और जटिल बना दिया है. आने वाले दिनों में हसीना की वापसी और अंतर्राष्ट्रीय हस्तक्षेप पर नजर रहेगी, जिससे बांग्लादेश का भविष्य तय होगा.

## होली से ठीक पहले सस्ता हो गया तेल

नई दिल्ली. होली से ठीक पहले गुरुवार को देशभर में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में बदलाव हुआ है. सरकारी तेल कंपनियों ने कहीं कीमतों में कटौती की है तो कहीं तेल के दाम बढ़ा दिए हैं. ग्लोबल मार्केट में उछाल के बावजूद तेल कंपनियों ने ज्यादातर शहरों में दाम घटाए हैं. हालांकि, दिल्ली–मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में आज भी तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है.सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार, यूपी के गौतम बुद्ध नगर जिले में पेट्रोल 26 पैसे महंगा होकर 94.98 रुपये लीटर बिक रहा है. डीजल भी 30 पैसे चढ़ा और 88.13 रुपये लीटर पहुंच गया है. गाजियाबाद में पेट्रोल 26 पैसे गिरकर 94.39 रुपये और डीजल 30 पैसे टूटकर 87.45 रुपये लीटर हो गया है. बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 22 पैसे बढ़त के साथ 105.58 रुपये लीटर हो गया तो डीजल 20 पैसे महंगा होकर 92. 94 रुपये लीटर बिक रहा है. कच्चे तेल की बात करें तो बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में भी उछाल दिख रहा है. ब्रेंट क्रूड का भाव करीब डेढ़ डॉलर बढ़कर 72. 75 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है. डब्ल्यूटीआई का रेट भी बड़ी उछाल के साथ 68.81 डॉलर प्रति बैरल हो गया है. चारों महानगरों में पेट्रोल–डीजल के दामदिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटरचेन्नई में पेट्रोल 100.76 रुपये और डीजल 92.35 रुपये प्रति लीटर कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर गाजियाबाद में पेट्रोल 94.39 रुपये और डीजल 87.45 रुपये प्रति लीटर हो गया है. नोएडा में पेट्रोल 94.98 रुपये और डीजल 88.13 रुपये प्रति लीटर हो गया है. पटना में पेट्रोल 105.58 रुपये और डीजल 92.42 रुपये प्रति लीटर हो गया है. हर दिन सुबह 6 बजे पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव होता है. सुबह 6 बजे से ही नए रेट लागू हो जाते हैं. पेट्रोल व डीजल के दाम में एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमीशन, वैट और अन्य चीजें जोड़ने के बाद इसका दाम मूल भाव से लगभग दोगुना हो जाता है. यही कारण है कि पेट्रोल–डीजल के दाम इतने अधिक दिखाई देते हैं.

## मुंबई में बनेगा 11 मंजिल का रेलवे स्टेशन! सिर्फ ट्रेन पकड़ने की ही सुविधा नहीं, शॉपिंग का भी पूरा इंतजाम

नई दिल्ली. मुंबई के थाणे इलाके में एक ऐसा रेलवे स्टेशन बनाया जा रहा है, जिसमें 11 मंजिल होगी. यह रेलवे स्टेशन सिर्फ कनेक्टिविटी को ही नहीं, बल्कि लोगों के मनोरंजन को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है. रेलवे स्टेशन के ऊपर ही मॉल, ऑफिस स्पेस और रिटेल शॉप भी होंगी. यह प्रोजेक्ट रेलवे कनेक्टिविटी बढ़ाने के साथ सरकार के लिए मोटा राजस्व भी पैदा करेगा.थाणे रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म 10ए के पास 9,000 वर्गमीटर एरिया में इस प्रोजेक्ट को डेवलप किया जाएगा. इसके साथ ही 24,280 वर्गमीटर का लीज स्पेस भी रहेगा. इस जगह को 60 साल की लीज पर दिया जा सकता है. प्रोजेक्ट को 30 जून, 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रहेगा. इस रेलवे स्टेशन के पास कनेक्टिविटी का पूरा ख्याल रखा गया है, जिसे बस और मेट्रो से भी जोड़ा जाएगा. रेलवे स्टेशन के बेसमेंट में पार्किंग की सुविधा दी जाएगी. इसके साथ ही रेलवे की सुविधाएं भी यहां दी जाएंगी. इससे जुड़ा ही बस का डेक बनाया जाएगा, जहां से लोकल बस पकड़ी जा सकेगी. नीचे के 2 फ्लोर पर यह सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी. ऊपर के फ्लोर को कॉमर्शियल यूज के लिए इस्तेमाल किया जाएगा. .यह रेलवे स्टेशन सिर्फ कनेक्टिविटी को ही बढ़ावा नहीं देगा, बल्कि लोगों को सुविधाएं भी उपलब्ध कराएगा. ऊपर के फ्लोर पर फूड कोर्ट और रेस्तरां भी बनाए जाएंगे. यहां बच्चों के लिए गेमिंग जोन होगा, जबकि ऑफिस के लिए भी बड़ा स्पेस तैयार किया जा रहा है. होटल और सर्विस अपार्टमेंट के अलावा इस पर कोचिंग इंस्टीट्यूट भी बनाया जाएगा. इस स्टेशन पर ट्रेन के अलावा अन्य साधनों की कनेक्टिविटी भी उपलब्ध कराई जाएगी. इस पर 2.24 किलोमीटर का एलिवेटेड रोड बनाया जाएगा, जो ईस्टर्न एक्सप्रेसवे को सीधे रेलवे स्टेशन से जोड़ेगा. प्लेटफॉर्म 10 के पास से बस मूवमेंट के लिए डेक बनाया जाएगा, ताकि यात्रियों को ट्रेन से उतरकर बस पकड़ने के लिए दूर न जाना पड़े. इस प्रोजेक्ट को रेल लैंड डेवलपमेंट अथॉरिटी और थाणे म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन मिलकर बना रहे हैं.

## होली के रंग में कहीं पड़ न जाए भंग, पुलिस ने लगा दिया यह बैन, जान लें वरना मुसीबत में फंस जाएंगे

देशभर में होली का रंग चढ़ गया है. आज होलिका दहन है. कल यानी शुक्रवार को पूरा देश होली मनाएगा. सभी अभी से तैयारी में जुट चुके हैं. सच कहें तो अभी से ही होली का खुमार चढ़ गया है. दफ्तरों में सब होली खेलने लगे हैं. शहर में रहने वाले लोग गांव चले गए हैं. सब अपनों संग रंग खेलकर होली मनाने की प्लानिंग कर रहे हैं. मगर इस होली कुछ बातों का ध्यान भी रखना है. वरना आपको कभी भी पुलिस उठा कर ले जा सकती है.जी हां, अगर आप हैदराबाद में रहते हैं तो आपको और सतर्क रहने की जरूरत है. हैदराबाद और साइबराबाद में होली पर किसी को भी जबरन रंग नहीं लगा सकते हैं. हैदराबाद पुलिस और साइबराबाद पुलिस ने होली के अवसर पर शहर और आसपास के क्षेत्रों में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरूरी आदेश जारी किया है. सा. इबराबाद कमिश्नर अविनाश मोहंती और हैदराबाद कमिश्नर सीवी आनंद द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना के मुताबिक होली के त्योहार के दौरान सार्वजनिक सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर रंग या रंगीन पानी फेंकने की अनुमति नहीं होगी. इसके अलावा, अनिच्छुक व्यक्तियों पर रंग लगाने पर भी पूरी तरह से रोक लगा दी गई है. पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस दौरान सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर समूहों में दोपहिया और अन्य वाहनों की



आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा. इसका उद्देश्य शांति– व्यवस्था को बनाए रखना है, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा, परेशानी या खतरे से बचा जा सके. यह आदेश हैदराबाद में 13 मार्च 2025 की शाम 6 बजे से 15 मार्च 2025 की सुबह 6 बजे तक लागू रहेगा, जबकि साइबराबाद में यह पाबंदी 14 मार्च 2025 की सुबह 6 बजे से 15 मार्च 2025 की सुबह 6 बजे तक लागू होगी. पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे इन नियमों का पालन करें और होली का त्योहार सुरक्षित और शांति से मनाएं. पुलिस का कहना है कि इन पा. बंदियों का उद्देश्य सार्वजनिक सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करना है, ताकि सभी लोग त्योहार का आनंद बिना किसी डर या परेशानी के ले सकें. होली के दौरान किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता से बचने के लिए पुलिस सक्रिय रूप से निगरानी रखेगी और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. सभी लोगों से अनुरोध किया गया है कि वे इस आदेश का पालन करें और एक खुशहाल और सुरक्षित होली मनाएं.


## इंडियन एयरफोर्स की ताकत? लड़ने के लिए कम पड़ेंगे विमान, 10 साल बाद क्या होगी भारत–पाकिस्तान की स्ट्रैंथ

रू भारतीय वायुसेना के लिए आने वाले समय में मुश्किलें बढ़ सकती हैं. अगले 10 वर्षों में उसकी ताकत पाकिस्तानी वायुसेना के बराबर रह सकती है. फिलहाल इंडियन एयरफोर्स अपने पुराने लड़ाकू विमानों को रिटायर कर रही है, लेकिन नए विमानों की खरीद फाइलों में अटकी हुई है. इससे ऑपरेशनल क्षमता बनाए रखने में मुश्किलें आ रही हैं. मौजूदा स्थिति यह है कि अगर वायुसेना के लिए तय सभी प्रोजेक्ट समय पर पूरे हो जाते हैं तो 2035 तक उसकी ताकत पाकिस्तानी वायुसेना के बराबर होगी. लेकिन अगर देरी होती है जैसा कि अक्सर भारत में होता आया है तो भारतीय वायुसेना की ताकत पाकिस्तानी एयरफोर्स से भी कम हो सकती है.इंडिया टुडे की एक हालिया रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि वर्ष 2035 तक भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों की संख्या में भारी कमी आ सकती है. अनुमान के अनुसार, उस समय भारतीय वायुसेना के पास लड़ाकू विमानों की संख्या पाकिस्तान एयरफोर्स के बराबर रह सकती है. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, देश की सुरक्षा के लिए वायुसेना के पास कम से कम 42 स्क्वाड्रन होने चाहिए लेकिन फिलहाल भारत के पास केवल 32 स्क्वाड्रन हैं. अगर नई खरीद और विकास योजनाएं समय पर पूरी नहीं हुईं तो 2035 तक यह संख्या घटकर महज 25–27 स्क्वाड्रन रह जाएगी. ऐसे में हालात बेहद चिंताजनक हो सकते हैं.इंडिया टुडे की एक हालिया रिपोर्ट में मौजूदा और भविष्य की रक्षा खरीद के आधार पर एक गंभीर चेतावनी दी गई है. रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2035 तक भारतीय वायुसेना के पास केवल 25 लड़ाकू स्क्वाड्रन ही बचेंगे. इस दौरान वर्तमान में सेवा में मौजूद जगुआर, मिग–29 और मिराज–2000 जैसे प्रमुख लड़ाकू विमान रिटायर हो जाएंगे, जिससे विमानों की भारी कमी हो सकती है. ऐसे में भारतीय वायुसेना के पास स्क्वाड्रन की संख्या पाकिस्तान वायुसेना के बराबर हो सकती है, जिसके पास फिलहाल 25 स्क्वाड्रन हैं. यह स्थिति भारत के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकती है. भारतीय वायुसेना इस समय लगभग 31 स्क्वाड्रन का संचालन कर रही है, जो इसकी स्वीकृत क्षमता 42 से काफी कम है. मौजूदा हालात में भारत मिग–21 विमानों को धीरे–धीरे अपने बेड़े से हटा रहा है क्योंकि ये फाइटर जेट अब काफी पुराने हो चुके हैं और लगातार हादसों का शिकार हो रहे हैं. मिग–21 के दुर्घटनाओं में देश अपने कई बहादुर पायलटों को खो चुका है.1970 से 1990 के दशक की शुरुआत तक भारतीय वायुसेना में जगुआर, मिग–29 और मिराज–2000 जैसे लड़ाकू विमान शामिल किए गए थे, लेकिन अब ये भी अपनी उम्र पूरी कर चुके हैं और इन्हें जल्द ही रिटायर करने की जरूरत है. इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, लगभग छह जगुआर, तीन मिग–29 और तीन मिराज–2000 स्क्वाड्रनों के रिटायर होने से भारतीय वायुसेना के 12 स्क्वाड्रन और कम हो जाएंगे. इस स्थिति में, साल 2035 तक वायुसेना के पास केवल 25 स्क्वाड्रन ही बचेंगे, जिससे देश की रक्षा तैयारियों को गंभीर चुनौती का सामना करना पड़ सकता है.पाकिस्तान के बराबर हो सकती है भारतीय वायुसेना की ताकत?भारत के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण स्थिति बन सकती है.

## पीएम मोदी को मिला अमेरिकी–भारतीयों का समर्थन, भारत के भविष्य को लेकर जताई आशा

अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद से डोनाल्ड ट्रंप की भारत को लेकर नीतियां काफी चर्चा में बनी हुई हैं. जिसका असर भारत–अमेरिका के संबंधों पर देखने को मिल रहा है. फिलहाल, ट्रंप की अवैध अप्रवासियों की वापसी, टैरिफ संबंधी नीति को लेकर कड़ा रूख अपना रहे हैं. इसी बीच एक सर्वे की रिपोर्ट सामने आई है, जिसके तहत अमेरिका में रहने वाले भारतीय लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काफी ज्यादा समर्थन कर रहे हैं.इसके अलावा सर्वे में ये बात भी सामने आई है कि भारतीय–अमेरिकी लोग भारत के भविष्य को लेकर काफी आशावादी है. वहीं, कई लोगों ने डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने पर अमेरिकी–भारत संबंधों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर चिंता जताई है. भारतीय–अमेरिकी राजनीति के मुद्दे पर कार्नेगी इंडोमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस और यूगोव ने पिछले साल अक्टूबर, 2024 में एक सर्वे का आयोजन किया.ठठब् की रिपोर्ट के मुताबिक, संयुक्त राज्य अमे. रिका में 5 मिलियन से ज्यादा भारतीय मूल के नागरिक रहते हैं. जिन्होंने सर्वे में पूछे गए सवालों के जबाव दिए. इस सर्वे में कई सवाल पूछे गए, जिसमें, पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के अमेरिका–भारत संबंधों को संभालने के तरीकों को कैसे देखते हैं? क्या डोनाल्ड ट्रंप को एक बेहतर ऑप्शन के रूप में देखते हैं? और 2024 के चुनाव के बाद भारत की दिशा को किस प्रकार से देखते हैं? के सवाल शामिल थे.इस सर्वे के नतीजे 1206 भारतीय–अमेरिकी वयस्क लोगों के राष्ट्रीय स्तर पर किए गए ऑनलाइन सर्वे पर आधारित हैं. भारतीय–अमेरिकी लोगों ने भारत–अमेरिका के संबंधों के संभालने के लिए डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के पहले कार्यकाल के मुक. ाबले बाइडेन प्रशासन को बेहतर बताया. पिछले साल भारत और अमेरिका दोनों देशों में आम चुनाव हुए, इस बाद दोनों देशों के बीच संबंध में मजबूती के साथ तनाव भी देखने को मिली.सर्वे के नतीजों में 66 प्रतिशत भारतीय–अमेरिकी रिपि. ब्लकिन ने भारत–अमेरिका संबंधों को लेकर डोनाल्ड ट्रंप को बेहतर कहा, जबकि सिर्फ 8 प्रतिशत लोगों ने इसपर अपनी प्रतिक्रिया दी. वहीं, इसके उलट 50 प्रतिशत भारतीय–अमेरिकी डेमोक्रेट्स ने जो बाइडेन के पूर्व प्रशासन को बेहतर माना.बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय–अमेरिकी लोगों ने भारत–अमेरिका को लेकर बाइडेन और हैरिस का समर्थन किया, लेकिन इन सब से ज्यादा उन्होंने भारत में पीएम मोदी के लिए अपना समर्थन दिया.

# होली से पहले भाग्यश्री के साथ हुआ बड़ा हादसा, माथे पर आए 13 टांके



एक्टर सलमान खान की हीरोइन भाग्यश्री के साथ होली से पहले एक बड़ा हादसा हो गया है. दरअसल एक्ट्रेस को एक खेल के दौरान गंभीर चोट लग गई है. जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया गया. जहां उनकी सर्जरी हुई है. अस्पताल से एक्ट्रेस की कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं. खेल के दौरान भाग्यश्री के साथ हुआ बड़ा हादसा सोशल मीडिया पर इस वक्त एक्ट्रेस भाग्यश्री की कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं. इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अस्पताल के बिस्तर पर लेटी हुई दिखाई दे रही हैं. उनके माथे पर एक गंभीर चोट भी लगी हुई है. इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया कि, 'भाग्यश्री का दुर्भाग्यवश पिकलबॉल खेलते समय एक्सीडेंट हो गया. जिससे उनके माथे पर गहरी चोट लग गई. उनकी सर्जरी हुई और उन्हें 13 टांके लगे.' इस खबर के सामने आने के बाद एक्ट्रेस के फैंस चिंता में घिर गए हैं. हालांकि अभी भाग्यश्री की हालत स्थिर बताई जा रही है. उनकी सर्जरी भी हो गई. अस्पताल से सामने आई इन तस्वीरों में से एक में भाग्यश्री सेल्फी लेती भी दिखाई दी. जिसमें एक्ट्रेस के माथे पर एक पट्टी लगी हुई है. लेकिन वो दर्द भुलाकर स्माइल करते हुए पोज कर रही हैं. एक्ट्रेस ये तस्वीर देखकर उनके फैंस ने भी राहत की सांस ली है.दो बच्चों की मां हैं भाग्यश्री बता दें कि भाग्यश्री ने फिल्म 'मैंने प्यार किया' से बॉलीवुड में एंट्री ली थी. इस फिल्म में उनकी जोड़ी सलमान खान संग नजर आई थी. दोनों की पहली ही फिल्म ब्लॉकबस्टर हिट रही थी. इसके बाद एक्ट्रेस कुछ फिल्मों में नजर आई फिर उन्होंने हिमालय दासानी से लव मैरिज कर ली और वो काफी वक्त तक एक्टिंग से दूर रही. हालांकि अब एक्ट्रेस कई साउथ फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं. बता दें कि एक्ट्रेस एक बेटा और एक बेटी की मां हैं.

## 85 साल पहले आया था बॉलीवुड का पहला होली सॉन्ग, रिलीज होते ही हो गया था हिट




रंगों के त्योहार यानी होली की मस्ती बिना बॉलीवुड सॉन्ग से फीकी रहती है. हिंदी सिनेमा ने भी हमेशा हर त्योहार को खू. बसूरती से दर्शाया है. खासकर होली पर तो बॉलीवुड ने कई गाने बनाए हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि किस बॉलीवुड फिल्म ने पहली बार होली की रौनक को सिल्वर स्क्रीन पर उतारा था? चलिए होली के खास मौके पर आज हम आपको यहां बताते हैं.85 साल पहले आया था होली पर बॉलीवुड सॉन्ग दशकों से, बॉलीवुड ने हमें अनगिनत यादगार होली धुनों का तोहफा दिया है जो साल दर साल छाई रहती हैं. इनमें से कुछ मशहूर गाने, 60 साल बाद भी हमारे दिलों में खास जगह बनाए हुए हैं और काफी उत्साह के साथ आज भी गुनगुनाए जाते हैं. वहीं आपको जानकर हैरानी होगी कि बॉलीवुड का पहला होली सॉन्ग 85 साल पुराना है. दरअसल 1940 में आई फिल्म औरत में पहली बार होली पर सॉन्ग फिल्माया गया था. दिलचस्प बात यह है कि पहला होली गीत भारत की आ. जादी से पहले का है, जिसकी शुरुआत ब्लैक एंड व्हाइट फिल्मों के दौर में हुई थी. 1940 में बनी फिल्म औरत, जिसका निर्देशन महबूब खान ने किया था, जिन्होंने मदर इंडिया जैसी बेहतरीन फिल्म बनाई थी, ने पहला होली गीत पेश किया था. अनिल बिस्वास की मधुर आवाज में गाया गाना, आज होली खेलेंगे साजन के संग, तुरंत हिट हो गया था.बता दें कि फिल्म औरत में एक और गाना रत्न, जमुना तट पर होली खेलेंगे श्याम भी शामिल है, जिसे मल्टी टैलेंटेड अनिल विश्वास ने ही कंपोज किया था और गाया भी था इसके बाद हिंदी फिल्मों में कई आइकॉनिक होली सॉन्ग आए इन गानो के बजे बिना तो त्योहार के जश्न में मजा ही नहीं आता है. जैसे 1959 में आई फिल्म नवरंग का जा रे हट नटखट, ना छू रे मेरा घूंघट आज भी लोगों को झूमने पर मजबूर कर देता है. इसके अलावा, 1971 में आई फिल्म कटी पतंग का गाना आज ना छोड़ेंगे भी जबरदस्त होली गीत है. भारतीय सिनेमा के इतिहास की आइकॉनिक फिल्म शोले में हिट गानों की भरमार है, जिसमें यादगार होली गीत श्होली के दिन दिल मिल जाते हैंश भी शामिल है. फिर 1981 में आई सिल. सिला रंग बरसे भीगे चुनर वाली भी होली के दिन सबसे ज्यादा बजने वाला गाना है. इनके अलावा भी बॉलीवुड ने कई शानदार होली सॉन्ग बनाए हैं.

## दो साल में इस एक्ट्रेस ने कमाए 3300 करोड़, दीपिका–आलिया को छोड़ दिया पीछे



हिंदी फिल्म इंडस्ट्री सब जगह छाई हुई है. पिछले दो सालों में तीन फिल्मों ने सबसे ज्यादा कमाई की है. इन तीन फिल्मों में सिर्फ एक चीज कॉमन है. वो है इसकी एक्ट्रेस. इस एक्ट्रेस ने इन तीनों अलग जॉनर की फिल्मों में काम किया है और बॉक्स ऑफिस पर बवाल काट दिया है. इनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर लंबे समय तक छाई रहीं. हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं बल्कि रश्मिका मंदाना हैं. रश्मिका एनिमल, पुष्पा 2 और अब छावा में नजर आईं हैं. उनकी ये तीनों फिल्में ही बॉक्स ऑफिस पर छाई रहीं.रश्मिका की एनिमल, पुष्पा 2 और छावा तीनों ने ही बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की है. दो सालों में रश्मिका की फिल्मों ने इतनी कमाई कर ली है कि आलिया और दीपिका को भी पीछे छोड़ दिया है.बॉक्स ऑफिस पर कमाए 3300 करोड़रस्मिका मंदाना की फिल्मों की बात करें तो पुष्पा 2 और एनिमल ने वर्ल्डवाइड शानदार कमाई की थी और अब छावा 700 करोड़ कमा चुकी है और कमाई जारी है. जिसके बाद तीनों फिल्मों ने वर्ल्डवाइड ग्रॉस 3300 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है. इन फिल्मों ने इंडिया में भी अपनी छाप छोड़ी है. एनिमल ने हिंदी में 503 करोड़ पुष्पा 2 ने हिंदी में 812 करोड़ और छावा अब तक 532 करोड़ कमा चुकी है. बड़ी बात ये है कि रश्मिका का बैकग्राउंड बॉलीवुड नहीं बल्कि कन्नड़ और तेलुगू है. प्रियंका चोपड़ा के विदेश जाने के बाद से दीपिका पादुकोण बॉक्स ऑफिस क्वीन बनकर बैठी थीं. उनके बाद आलिया भट्ट ने ये ताज संभाला और अब सबको पीछे छोड़कर रश्मिका आगे निकल गई हैं. वर्कफ्रंट की बात करें तो रश्मिका मंदाना के पास कई प्रोजेक्ट्स हैं. उनकी फिल्म सिकंदर ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है. इसके अलावा वो आयुष्मान खुराना के साथ थामा में भी नजर आएंगी.

## 74 साल का हीरो, जिस एक्ट्रेस का बना पिता, उसी से लड़ा बैठा नैन, कभी सनकी पति का किरदार निभाकर लूटी थी लाइमलाइट



नई दिल्ली. एक्टिंग स्कूल कहा जाने वाला वो एक्टर, जिसकी फिल्में हिट की गारंटी होती थी. एक सनकी पति का किरदार निभाकर तो इस एक्टर ने दर्शकों को अपना मुरीद ही बना लिया था. खुद से 20 साल छोटी एक्ट्रेस संग इस स्टार के अफेयर के भी खूब चर्चे हुए थे.हम जिस जाने माने एक्टर की बात कर रहे हैं, वो कोई और नहीं नाना पाटेकर हैं. एक वक्त था जब उनके और मनीषा कोइराला के प्यार के चर्चे भी खूब हुआ करते थे. ये वो दौर था, जब दोनों की जोड़ी पर्दे पर काफी हिट मानी जाती थी. दोनों की उम्र में 20 साल का अंतर था. लेकिन दोनों ने खुल्लमखुल्ला प्यार किया. जहां एक फिल्म में वह मनीषा के पिता बने थे, तो एक अन्य फिल्म में वह मनीषा के पति के रोल में भी नजर आए थे.मनीषा कोइराला ने फिल्म 'सौदागर' से डेब्यू किया था. इस फिल्म में उनके साथ विवेक मुशरान नजर आए थे. फिल्म के बाद दोनों के डेटिंग की भी खूब चर्चा हुई थी. एक वक्त के दोनों की राहे जुदा हो गई. इसके बाद मनीषा की जिंदगी में नाना पाटेकर की एंट्री हुई और दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगी. दोनों साथ में फिल्म 'अग्नसिाक्षी' में नजर आए थे. इस फिल्म में उन्होंने मनीषा के पति का रोल निभाया था. इसके बाद दोनों दोस्ती बने और दोस्ती प्यार में बदल गई. कभी बने 'पति' तो कभी निभाया 'पिता' का रोल जहां नाना पाटेकर और मनीषा कोइराल ने साल 1996 में आई क्लासिक फिल्म 'अग्निसाक्षी' में पति पत्नी का रोल निभाया था. वहीं सलमान खान की फिल्म खामोशी में दोनों ने पिता बेटी का रोल निभाया था. खासतौर पर अग्निसाक्षी में दोनों का काम काफी पसंद किया गया था. फिल्म में नाना पाटेकर ने एक सनकी पति की भूमिका निभाकर फिल्म से सारी ला. इमलाइट लूट ली थी. नाना पाटेकर को इस फिल्म के लिए साल 1997 में नेशनल अवॉर्ड भी मिला था.बता दें कि मनीषा को. इराला से मिलने से पहले ही नाना पाटेकर शादीशुदा थे. उनका एक बच्चा भी था. दोनों की उम्र में 20 साल का अंतर भी दोनों को जुदा नहीं रख पाया. लेकिन सालों तक रिलेशन में साथ रहने के बाद भी दोनों का ये रिश्ता शादी तक नहीं पहुंच पाया. दोनों अलग हो गए और दोनों अपनी–अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गए.

## इंडियन आइडल' के मंच पर मां–पापा को देखकर इमोशनल हुईं श्रेया घोषाल, 5 साल की बच्ची जैसा हुआ महसूस





श्रेया घोषाल के लिए इंडियन आइडल 15का मंच एक इमोशनल पल लेकर आया, जब उन्होंने अपने माता–पिता को वहां देखा. इस खास मौके को याद करते हुए श्रेया ने कहा कि उन्हें लगा जैसे वह फिर से पांच साल की बच्ची बन गई हों. उनके बचपन की यादें और माता–पिता का प्रभाव उनके मन में उमड़ पड़ा.श्रेया ने अपने जन्मदिन का एक प्यारा वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर साझा किया, जो इंडियन आइडल के सेट पर मनाया गया था.इमोशनल हुईं श्रेया घोषाल इस वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, ष्इंडियन आइडल के सेट पर मेरे जन्मदिन पर ढेरों प्यारे सरप्राइज मिले. जब मैंने अपने माता–पिता को मंच पर देखा, तो खुशी के आंसू आ गए और मुझे लगा जैसे मैं फिर से पांच साल की हो गई हूं. पूरा जीवन आंखों के सामने घूम गया. टीम के हर सदस्य, मेरे दोस्तों और कंटेस्टेंट्स ने इसे बहुत खास बना दिया! आप सभी को प्यार भगवान की कृपा मुझ पर बनी रही है. वीडियो में दिखाया गया कि कैसे श्रेया को सेट पर एक प्यारा सरप्राइज मिला. जब उन्होंने अपने माता–पिता को मंच पर देखा, तो वह भावुक हो गईं. क्लिप में वह अपने परिवार और साथी जजों के साथ केक काटती भी नजर आईं. श्रेया घोषाल ने 12 मार्च को अपना जन्मदिन मनाया. इसके साथ ही, हाल ही में उन्होंने आईफा 2025 में शानदार परफॉर्मेंस दी. उन्होंने एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें शाहरुख खान मीडिया के सामने पोज देने के बाद उनके पास आए. साथ ही, उन्होंने ग्रीन कार्पेट से शाहरुख के साथ एक तस्वीर भी पोस्ट की. श्रेया ने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा, ष्यह मेरे जीवन का सबसे खास पल था. उनकी सादगी और स्नेह हमेशा मन मोह लेते हैं. सुपरस्टार शाहरुख खान को सब प्यार करते हैं, इसका कारण यही है! आईफा के ग्रीन कार्पेट पर उन्होंने मुझे गले लगाया और आशीर्वाद देते हुए पूछा, बेटा, कैसी हो?यह पल हमेशा मेरी यादों में रहेगा.

## विद्युत जामवाल पर चढ़ा मथुरा की होली का खुमार, ढोल–नगाड़ों और रंगों के साथ मनाया जश्न



बॉलीवुड के एक्शन हीरो विद्युत जामवाल पर होली का खुमार चढ़ा हुआ है. दरअसल एक्टर इस साल होली का जश्न मनाने के लिए कान्हा नगरी मथुरा पहुंचे हैं. जहां उन्होंने लंगोगों के साथ खूब रंग उड़ाया. इसका एक वीडियो उन्होंने फैंस के साथ भी शेयर किया है. जिसके साथ उन्होंने सभी से एक खास अपील भी की है.कान्हा मंदिर में विद्युत जामवाल ने खेली होली विद्युत जामवाल ने ये वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है. वीडियो में एक्टर कान्हा जी मंदिर द्वारिकाधीश में लोगों के साथ होली खेलते नजर आ रहे हैं. वीडियो में एक्टर नगाड़े के साथ अपने जश्न की शुरुआत करते दिखे. होली के लिए उन्होंने व्हाइट कलर की शर्ट पहनी है. इसके साथ विद्युत में सिर पर एक रंग–बिरंगी पगड़ी भी पहनी है. उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर खासा वायरल हो रहा है विद्युत जामवाल ने मथुरा से ये वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लोगों से एक खास अपील भी की है. एक्टर ने लिखा कि, 'इसका

एक्सपीरियंस लें. ब्रज की होली के साथ त्योहार की शुरुआत..' एक्टर की इस वीडियो पर फैंस भी जमकर कमेंट कर रहे हैं. कोई उन्हें होली शुभकामनाएं देता नजर आया. तो किसी ने कहा कि, 'सर आपका काम वाकई प्रेरणादायक है. आप हमेशा बस चमकते रहो३' इस फिल्म में नजर आएंगे विद्युत विद्युत जामवाल ने फिल्म ' कमांडो' और 'फोर्स' के जरिए बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बनाई है. फैंस को उनकी एक्टिंग और एक्शन अवतार खासा पसंद आता है. वर्कफ्रंट की बात करें तो विद्युत जामवाल इन दिनों अपनी अपकमिंग साउथ मूवी 'मद्रासी' में बिजी चल रहे हैं. इसे फिल्ममेकर ए आर मुर्गदास बना रहे हैं. फिल्म का एक्टर के फैंस को बेसब्री से इंतजार है.

## करण अर्जुन के सेट पर सलमान खान ने शाहरुख खान पर चला दी थी गोली

शाहरुख खान और सलमान खान बॉलीवुड के सुपरस्टार हैं. ये दोनों एक्टर राकेश रोशन की 1995 की हिट फिल्म करण अर्जुन में साथ नजर आए थे. इस फिल्म में, दोनों सुपरस्टार्स ने पहली बार स्क्रीन स्पेस शेयर किया था. फिल्म के सेट पर सलमान और शाहरुख खूब मस्ती–मजा करते थे. हाल ही में उनके को–स्टार जॉनी लीवर में करण अर्जुन के सेट से एक हैरान कर देने वाला किस्सा सुनाया. उन्होंने बताया कि सेट पर सलमान खान ने शाहरुख खान पर गोली चला दी थी.दरअसल हाल ही में गलाटा प्लस को दिए एक इंटरव्यू में जॉनी लीवर ने करण अर्जुन के सेट से एक घटना का खुलासा किया था. उन्होंने बताया कि सलमान खान ने शाहरुख खान पर गोली चलाने के लिए बंदूक निकाली थी, जिससे उनके आस–पास मौजूद सभी लोग हैरान रह गए थे. इस पूरे वाकये को बताते हुए जॉनी लीवर ने कहा, ष्हम जयपुर में करण अर्जुन की शूटिंग कर रहे थे और शाम को शूटिंग के बाद हम पार्टी करते थे. हम शराब पीते, नाचते और मौज–मस्ती करते थे. सलमान सेट पर शाहरुख को चिढ़ाते थे. वह उन्हें स्टार कहकर बुलाते थे और उनके डांस का मजाक उड़ाते थे. हम सभी टेंशन में थे कि अगर ये सीरियस हो गया तो शाहरुख नाराज हो जाएंगे

# होली वाले दिन घर की बहु को सुबह उठकर सबसे पहले क्या करना चाहिए

फाल्गुन माह की पूर्णिमा पर होलिका दहन का त्योहार मनाया जाता है, 13 मार्च को होलिका दहन रात में 11.26 मिनट के बाद किया जाएगा. होलिका दहन से पहले घर की महिलाएं और पुरुष मिलकर होलिका की पूजा करते हैं. होलिका की पूजा करने के पीछे नकारात्मक शक्तियों को नियंत्रित करना और उससे बचाव करना अहम कारण माना गया है.होलिका दहन के अगले दिन रंगों की होली 14 मार्च को खेली जाएगी. इस दिन घर की बहू को सुबह कुछ विशेष कार्य जरुर करना चाहिए, इससे सुख–समृद्धि और जीवन में तरक्की के रास्ते खुलते हैं, परिवार में खुशहाली आती है.होली के दिन घर की बहू करें ये कामहोली यानी धुलेंडी के दिन घर की बहू सबसे पहले स्नान आदि के बाद बड़ों का आशीर्वाद लें और फिर जहां होलिका दहन की पूजा की थी वहां से थोड़ी सी राख ले आएं. इस राख को घर के मुख्य द्वार पर छिड़कें. मान्यता है कि इससे घर में नक. ारात्मक ऊर्जा प्रवेश नहीं करती हैहोली के दिन घर के मुख्य द्वार पर गुलाल छिड़कें और उस पर दोमुखा दीपक जलाएं. इसके बाद गणपति जी, श्रीकृष्ण, शिव जी और समस्त देवी–देवता के चरणों में गुलाल अर्पित करें. घर की बहू लक्ष्मी होती है. परिवार की सुख–समृद्धि के लिए होली के दिन ये कार्य बहुत लाभदायी माना जाता है.होली वाले दिन घर की सुहागिन महिलाएं मां पार्वती को सिंदूर के साथ लाल रंग का गुलाल अर्पित करें और पति की लंबी आयु की कामना करें. वहीं राधा रानी को भी गुलाल चढ़ाएं. सुखी वैवाहिक जीवन के लिए ये उपाय कारगर माना जाता हैरंगों की होली खुशियों और प्रेम का त्योहार है. इस दिन अपने आसपास, सगे, संबंधियों को मीठा जरुर खिलाएं. रिश्तों में मिठास बढ़ती है.

# डाइटिंग के पीछे जान क्यों गंवा रहे युवा? डायटिशियन ने बताया ऐसा डिसऑर्डर कि खा जाएंगे चक्कर

केरल की 18 वर्षीय श्रीनंदा की जान डाइटिंग ने ली! खुद को छरहरा बनाने की सनक ने उसे मौत की ओर धकेल दिया. एक खौफ था, जिसे उसने अपने अभिभावकों से नहीं शेयर किया, लेकिन अपने दुख–दर्द का हल उसने सोशल प्लेटफॉर्म पर खोज निकाला. क्या होता है यह डिसऑर्डर और कैसे जेन श्जीश इस जाल में फंसकर अपनी बेशकीमती जिंदगी को गंवा रहा है?सोशल मीडिया से धोखा खा रहे युवाआईएएनएस से बातचीत में वुमन ट्रांसफॉर्मेशन एक्सपर्ट सलोनी लालवानी ने इसे क्विक फिक्स के चक्कर में खाया गया धोखा करार दिया. उन्होंने कहा, कुछ पॉपुलर नोशंस हैं, जिन्हें बदलने की जरूरत है. जैसे डाइट या फिर वेलनेस को ध्यान में रख हम जल्दी से बदलाव की ख्वाहिश में ऐसे सोशल साइट्स या वीडियोज का सहारा लेते हैं जो कुछ घंटों में कई किलो वजन कम करने का दम भरते हैं. ये बेतरतीब डाइट प्लान शेयर करते हैं जिसे बिना सोचे–समझे महिलाएं या लड़कियां फॉलो करने लगती हैं.किस वजह से हो रही दिक्कत? छरहरा होना ही क्या सुंदर दिखने की गारंटी है? ऐसे कई सवाल श्रीनंदा की मौत के बाद लोगों




के दिमाग में कुलबुला रहे हैं. लालवानी कहती हैं, दरअसल हम औरतें खुद पर जरूरत के मुताबिक ध्यान नहीं देतीं. हम सबकी खिदमत के बाद जो समय बचता है, उसमें खुद को तराशने की सोचती हैं. समय की बंदिश तो खुद ही तय कर लेती हैं कि फलां एक्सपर्ट का क्विक प्लान बेहतर होगा. यही सोच उनसे गलती करा देती है. कुछ पॉपुलर वर्ड्स के जाल में फंस जाती हैं जैसे डिटॉक्स. सही मायने में खुद को डिटॉक्स कराने की कोई जरूरत नहीं होती. हमारा शरीर खुद ही पसीने या यूरीन जैसे तरीकों से टॉक्सिन्स बाहर फेंक देता है. साथ ही हमें सोचना होगा कि हमारा शरीर केवल फैट से नहीं बना इसमें पानी भी है, हड्डियां और मांस भी है.इस डिसऑर्डर की वजह से होती है गफलत आखिर कैसे डाइटिंग को लेकर ओवर थिंकिंग न करें या फिर जब महसूस हो कि वजन कंट्रोल नहीं हो रहा है तो किसके पास जाएं. एक्सपर्ट के मुताबिक इसकी अहम वजह एनोरेक्सिया नर्वोसा है. ये एक डिसऑर्डर है. जिसमें कोई भी ये मान लेता है कि उसका वजन बढ़ा हुआ है और इससे छुटकारा पाने के लिए उसे डाइटिंग करनी चाहिए. अगर किसी को भी ऐसा लगता है तो उसे थेरेपिस्ट से मिलना चाहिए. ऐसा जो सेहत से संबंधित सही जानकारी दे. असल में वजन बढ़ने या घटने के कारण बहुत होते हैं. वेट फलक्चुएशन हार्मोनल इंबैलेंस से भी होता है. जो थेरेपी से कारण पता लग सकता है और केस–बेस्ड सुझाव दिया जा सकता है.

# भविष्यवाणी, बाबा वेंगा की मानें तो 2043 तक हर ओर गूंजेगा नारा–ए–तकरीब!

दुनियाभर की मशहूर भविष्यवक्ता बाबा वेंगा ने साल 2025 को लेकर कई की भविष्यवाणियां पहले से ही कर रखी है. अपनी भविष्यवाणी में उन्होंने पहले ही बता दिया था कि यूरोप के शहर में मुस्लिम शासन की स्थापना हो सकती है.बाबा वेंगा का दावा है कि साल 2043 तक यूरोप के कुछ शहरों में मुस्लिम शासन आ जाएगा और हर तरफ नारा–ए–तकरीब गूंजेगा. इतना ही बाबा वेंग के अनुसार इसका रंग 2025 से ही देखने को मिलने लगेगा. इससे पहले भी बाबा वेंगा ने सोवियत संघ के टूटने की बात कही थी, जोकि सच हुई. इसके अलावा अमेरिका में बड़े आतंकी हमले, 9ध्11 हमला आदि जैसी भविष्यवाणियां भी सच साबित हुईं.बाबा वेंगा की भविष्यवाणी के अनुसार, यूरोप के जर्मनी शहर में ईरान के मुस्लिम शासक अयातुल्ला खामेनेई के आधिपत्य की शुरुआत हो सकती है. वैसे इस समय पूरे जर्मनी में 5ः मुस्लिम आबादी है. लेकिन धीरे–धीरे यह लगातार बढ़ सकती है. यहां तक कि अमेरिका भी उसे बचा नहीं पाएगा. बाबा वेंगा ने अनुसार, जब यह मुस्लिम शासन पूरे जर्मनी पर अपना आधिपत्य स्थापित कर लेगा तब हालात बिगड़ सकते हैं.बाबा वेंगा ने अपनी भविष्यवाणी में यह भी बताया कि जब यह मुस्लिम शासन जर्मनी में अपना आधिपत्य स्थापित करने की शुरुआत करेगा तो एक बड़ा युद्ध होगा, जिसमें एक तरफ अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, रुस, भारत जैसे देश होंगे और दूसरी तरफ सारे कट्टरपंथी मुस्लिम देश एक हो जाएंगे. इस युद्ध में हजारों की संख्या में लोंगो की मृत्यु भी हो सकती है. लेकिन अंत में जीत मुस्लिम देशों की होगी जो आने वाले समय में काफी खतरनाक हो सकता है.

# होली पर मेहमानों को परोसें 5 स्पेशल मिठाइयां

होली रंग, उमंग ही नहीं स्वाद का भी त्योहार है. इस फेस्टिव पर घर आने वाले मेहमानों का मीठे और स्वादिष्ट पकवानों से मनुहार किया जाता है. इसके लिए उन्हें स्वादिष्ट मिठाइयां परोसी जाती हैं. खास तौर पर घरों में स्पेशल मिठाइयां तैयार की जाती हैं. गुजिया के साथ लड्डू, बर्फी, पेड़े स्वाद को बढ़ाते हैं. अगर इस होली आप भी अपने गेस्ट्स और फैमिली मेंबर्स के लिए खास मिठाईयां बनाना चाहती हैं तो ये 5 सबसे बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं.गुजिया गुजिया के बिना होली अधूरी लगती है. मावा, नारियल, सूखे मेवे और चीनी से बनी यह कुरकुरी मिठाई हर किसी को पसंद आती है. इसे तलकर या बेक करके बना सकते हैं. आजकल चॉकलेट गुजिया और पान फ्लेवर गुजिया भी खूब ट्रेंड में हैं.. मालपुआ मीठा और रसदार स्वाद वाला मालपुआ पारंपरिक मिठाई है, जो होली पर बहुत पसंद की जाती है. यह एक तरह का मीठा पैनकेक होता है, जिसे घी में तला जाता है और फिर चाशनी में डुबोया जाता है, इसे रबड़ी के साथ परोसने से इसका स्वाद कई गुना बढ़ जाता है. ठंडाई बर्फी होली पर मेहमानों के लिए नए फ्लेवर की मिठाई बनाना चाहती हैं तो ठंडाई बर्फी काफी अच्छा हो सकता है. ठंडाई होली का खास तौर पर बनाई जाती है. अगर इसे मिठाई के रूप में परोसा जाए तो यह और भी खास बन जाती है. ठंडाई बर्फी में ठंडाई मसाला, मावा, बादाम और पिस्ता का अनोखा मिक्चर होता है, जो इसे एकदम अलग ही स्वाद का एहसास देता है. बेसन के लड्डू बेसन के लड्डू टेस्टी ही नहीं सेहतमंद भी होता है. होली के मौके पर कुछ हेल्दी और स्वादिष्ट मिठाई बनाना चाहते हैं तो बेसन के लड्डू सबसे बेस्ट ऑप्शन हैं. शुद्ध देसी घी, बेसन और सूखे मेवों से बने ये लड्डू लंबे समय तक ताजे बने रहते हैं और सभी को पसंद भी आते हैं. रसगुल्ला रसगुल्ला वैसे तो हर त्योहार पर पसंद की जाती है लेकिन होली पर इसका अलग ही फ्लेवर खाने को मिलता है. इसकी सॉफ्ट और स्पंजी बनावट इसे खास बनाती है. होली के मौके पर केसर रसगुल्ला या गुलाब रसगुल्ला जैसे नए फ्लेवर भी आजमा सकती हैं.

# होलिका दहन से पहले उबटन क्यों लगाया जाता है? शुभता और स्वास्थ्य से जुड़ा इसका रहस्य

होली का त्योहार सिर्फ रंगों और खुशियों का ही नहीं, बल्कि धार्मिक आस्था और परंपरा से भी गहरा संबंध रखता है. हो. लिका दहन की परंपरा बुराई पर अच्छाई की जीत, आत्मा की शुद्धि और कृषि समृद्धि की प्रतीक मानी जाती है.होलिका दहन की शुरुआतरू हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र प्रह्लाद को मारने के लिए अपनी बहन होलिका की मदद ली, जिसे अग्नि से न जलने का वरदान था. होलिका प्रह्लाद को गोद में लेकर आग में बैठी, लेकिन भगवान विष्णु की कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित बच गए और होलिका जलकर राख हो गई. तभी से होलिका दहन की परंपरा चली आ रही है, जो यह दर्शाती है कि अन्याय और अहंकार का अंत निश्चित है, जबकि सच्ची भक्ति और अच्छाई की हमेशा जीत होती है.होलिका दहन 2025 उबटन का ज्योतिषीय महत्वरू हिंदू धर्म में होलिका दहन से पहले सरसों का उबटन लगाने की परंपरा है. मान्यता है कि इससे नक. ारात्मक ऊर्जा दूर होती है और शरीर शुद्ध होता है. अगर कोई व्यक्ति लंबे समय से बीमार है, तो इस दिन सरसों का उबटन लगाकर उसकी मैल को होलिका में डालना शुभ माना जाता है. इससे ग्रहों के अशुभ प्रभाव कम होते हैं और व्यक्ति को स्वास्थ्य लाभ मिलता है. सुख–समृद्धि की प्राप्तिदृ होलिका दहन के बाद अगर कोई सात बार उसकी परिक्रमा करता है, तो




उसे जीवन में सात प्रकार के सुख, धन, सेहत और खुशहाली का आशीर्वाद मिलता है. शत्रु बाधाओं से रक्षादृ काली सरसों, काला तिल और लौंग से बना उबटन लगाने और उसकी मैल को होलिका में डालने से शत्रुओं की बुरी नजर और बाधाएं दूर होती हैं. इससे व्यक्ति को मानसिक शांति और आत्मविश्वास मिलता है. होलिका दहन 2025 वैज्ञानिक महत्वरू वैज्ञानिक दृ ष्टि से भी उबटन लगाने के कई लाभ होते हैं. यह त्वचा की गहराई से सफाई करता है, डेड स्किन हटाकर उसे चमकदार बनाता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है. सरसों में मौजूद एंटीबैक्टीरियल गुण त्वचा को संक्रमण से बचाते हैं और शरीर को डिटॉक्स करने में सहायक होते हैं. उबटन लगाने से त्वचा के रोमछिद्र खुलते हैं, जिससे शरीर से विषैले तत्व बाहर निकलते हैं और ताजगी महसूस होती है. इसके अलावा, सरसों का उबटन शरीर में गर्मी बनाए रखता है, जिससे सर्दी–खांसी जैसी मौसमी बीमारियों से भी बचाव होता है. इस प्रकार, होलिका दहन से पहले उबटन लगाना न सिर्फ आध्यात्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से लाभकारी है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद होता है.होलिका दहन का कृषि और आध्यात्मिक महत्वरू होलिका दहन सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि इसका गहरा संबंध कृषि और आध्यात्मि. कता से भी है. यह त्योहार फसल कटाई के समय आता है, इसलिए इसे प्रकृति और देवताओं को नई फसल अर्पित करने का शुभ अवसर माना जाता है. इससे समृद्धि और अच्छी पैदावार की कामना की जाती है. साथ ही, यह आत्मा की शुद्धि और नक. ारात्मक ऊर्जा को समाप्त करने का प्रतीक भी है. होलिका दहन हमें यह सिखाता है कि सच्चाई और धर्म की हमेशा जीत होती है, चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों

# वैक्सीन से क्या वाकई टाला जा सकता है हार्ट अटैक का खतरा? जानें चीन के दावे में कितना दम

चीन ने एक वैक्सीन बनाई है जो हार्ट अटैक के खतरे को कम कर सकता है. दिल के धमनियों और नसों में जब फैट जमा हो जाते हैं. या खून के थक्के, स्ट्रोक और दिल का दौरा के खतरे को कम करते हैं. धमनियों में धीरे–धीरे फैट जमा होने लगते हैं. जो प्लाक का निर्माण करती है. इसे एथेरोस्क्लेरोसिस के रूप में जाना जाता है. दुनिया भर में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है. चीन के साइंटिस्टों ने धमनियों में प्लाक के बनने को रोकने के लिए एक टीका विकसित किया है, जो खून के थक्के, स्ट्रोक और दिल के दौरे का कारण बन सकता है.धमनियों में फैटी प्लाक का बनना जिसे एथेरोस्क्लेरोसिस के रूप में जाना जाता है, दुनिया भर में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है. सूजन से धमनियां सख्त हो जाते हैं. और ब्लड सर्कुलेशन में भी रुकावट आती है. इससे स्ट्रोक, एन्यूरिज्म या दिल के दौरे का कारण बन सकता है. एथेरोस्क्लेरोसिस एक सूजन संबंधी बीमारी है, जो शरीर की जन्मजात इम्युनिटी द्वारा मध्यस्थता की जाती है जिसमें नैचुरल दिक्कत होने लगती है और इसमें एंजाइम होते हैं और साथ ही एंटीबॉडी से भरपूर इसकी अनुकूली प्रणाली भी होती है.स्कैन के जरिए इसका निदान किए जाने के बाद, इस तरह की धमनी रुकावटों का वर्तमान में एंजियोप्लास्टी जैसी शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओं और रक्त वाहिकाओं को अवरुद्ध होने से रोकने के लिए स्टेंट के इस्तेमाल से इलाज किया जाता है. यह लंबे समय से माना जाता रहा है कि टीकाकरण का उपयोग बीमारी के इलाज या रोकथाम के लिए किया जा सकता है.जर्नल नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित एक नए अध्ययन में एक वैक्सीन का वर्णन किया गया है जो चूहों में एथेरोस्क्लेरोसिस के विकास को कम कर सकता है। चीन में नानजिंग यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों ने लिखा, ष्हमारा नैनोवैक्सीन डिजाइन और प्रीक्लिनिकल डेटा एथेरा. `स्क्लेरोसिस के लिए रोगनिरोधी उपचार के लिए एक संभावित उम्मीदवार प्रस्तुत करता है.पिछले अध्ययनों ने विभिन्न प्रकारके प्रोटीन की एक डिजिटल लाइब्रेरी बनाने में मदद की है जो सूजन से बचाते हैं और एथेरोस्क्लेरोसिस के लिए शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को बढ़ाते हैं। ऐसे ही एक प्रोटीन को च210 कहा जाता है. यह एथेरोस्क्लेरोसिस की प्रगति के खिलाफ प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को ट्रिगर करने के लिए पाया गया है, और यह वही है जिसका उपयोग नए टीके में किया जाता है.यह टीका च210 प्रतिजन को सूक्ष्म लौह ऑक्साइड नैनोकणों पर चिपका देता है, तथा एक सहायक पदार्थ – जो टीके की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को बढ़ाने के लिए उपयोग किया जाता है – को नैनोकणों के एक अलग समूह से जोड़ देता है. अध्ययन में बताया गया है कि वैक्सीन के ष्कॉकटेलष डिजाइन ने उच्च कोलेस्ट्रॉल आहार वाले चूहों में प्लाक प्रगति और एथ. `रोस्क्लेरोसिस के विकास को कम किया. यह शरीर को एंटीजन और एडजुवेंट लेने में मदद करके काम करता है, जो तब प्रतिरक्षा प्रणाली की स्टार के आकार की डेंड्राइटिक कोशिकाओं को सक्रिय करता है. टीके के कारण होने वाले परिवर्तनों के फलस्वरूप अंततः च210 के विरुद्ध एंटीबॉडी का उत्पादन प्रारंभ हो गया.

# डायबिटीज के मरीज होली पर ऐसे पूरी करें अपनी मीठे की क्रेविंग, ये हैं पांच बेस्ट फूड

होली का त्यौहार आने वाला है और हम सभी तरह–तरह की स्वादिष्ट मिठाइयां और डेसर्ट बना रहे हैं. गुझिया, मीठी मठरी, मेवा लड्डू और गुलाब जामुन का स्वाद चखना हमारे लिए बहुत मजेदार होता है. हालांकि, गंभीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति को त्यौहारों के मौसम में अपने खाने–पीने के तरीके का खास ख्याल रखना चाहिए. डायबिटीज मरीज को भी दूसरे की तरह मीठा खाने की इच्छा होती है. लेकिन उन्हें इन चीजों पर कंट्रोल करने की जरूरत होती है. ये स्वादिष्ट मिठाइयां और डेसर्ट उनके ब्लड शुगर लेवल को बढ़ा सकते हैं. अब सवाल यह उठता है कि क्या डायबिटीज मरीज को बिल्कुल भी मीठा नहीं खाना चाहिए. बहुत कम मात्रा में मिठाई खाएं डाइटीशियन विशेषज्ञ के मुता. बिक डायबिटीज मरीजों को बहुत कम मात्रा में या मध्यम मात्रा में मिठाई खानी चाहिए. ताकि उनके शरीर में ब्लड शुगर लेवल पर ज्यादा असर न पड़े. ज्यादा मात्रा में मिठाई खाना उनके लिए हानिक. ारक हो सकता है.खाली पेट मिठाई खाने से बचें शुगर के मरीजों को खाली पेट मिठाई नहीं खानी चाहिए. अगर वे ऐसा करते हैं, तो उनका ब्लड में शुगर लेवल तेजी से बढ़ जाएगा. ऐसे मरीजों को नाश्ते या दोपहर के भोजन के बाद ही मिठाई खाने की सलाह दी जाती है.रात में मिठाई न खाएं रात में मिठाई खाने से मधुमेह



मरीजों को काफी परेशानी हो सकती है. उन्हें अच्छी नींद नहीं आती और बार–बार पेशाब आने की समस्या हो सकती है या उल्टी जैसा महसूस हो सकता है. ऐसे मरीजों को रात में मिठाई खाने से बचना चाहिए.